लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -126, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



**आज का मौसम** 42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 18 : 58

लखनऊ, रविवार, 2 जून 2024

बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...14

## गजब! सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लगा दी 5 लेखपालों की ड्यूटी

- गोरखपुर का मामला, विरोध जताने के बाद विवादित आदेश निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : सातवें चरण के मतदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में निर्वाचन अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े हो गए। यहां सेक्टर मजिस्ट्रेट को सुबह चार बजे जगाने के लिए पांच लेखपालों की ड्यूटी लगा दी गई। लेखपालों के विरोध के बाद विवादित आदेश निरस्त किया गया। इस प्रकरण में जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई।

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में गोरखपुर समेत उप्र में 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। गोरखपुर सीट के गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी ने पांच लेखपालों की ड्यूटी सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने में लगा दी। सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी आदेश में लेखपाल विकास गुप्ता, रजत वर्मा, विकास मद्धेशिया, विकास पाल व राजीव बघेल को सुबह 4 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शिकायत जिलाधिकारी से की। इस पर उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई और आदेश निरस्त करने का निर्देश दिया। आदेश के निरस्त होने के बाद लेखपाल शांत हुए।

### आदेश लेखपालों की गरिमा के खिलाफ

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष राम मूरत यादव ने कहा कि सुबह सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लेखपालों की ड्यूटी लगाया जाना उनकी गरिमा के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि लेखपाल काम में सहयोग के लिए होते हैं, सुबह जगाने के लिए नहीं होते। उन्होंने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी विवादित आदेश का कड़ा विरोध किया गया। इसके बाद आदेश निरस्त हुआ।

## अंतिम चरण : उप्र की 13 लोकसभा सीटों पर 55 .60% मतदान

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



- चंदौली सीट पर सबसे ज्यादा 60.34% और सलेमपुर में सबसे कम 51.25% वोटिंग
- मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें

**अमृत विचार** : प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत व सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान रहा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि महाराजगंज में 60.08 प्रतिशत, गोरखपुर में 54.69 प्रतिशत, कुशीनगर में 57.29, देवरिया में 55.30, बांसगांव में 51.59, घोसी में 54.87 प्रतिशत, सलेमपुर में 51.25, बलिया में 52.84 प्रतिशत, गाजीपुर में 55.21, वाराणसी में 56.35 प्रतिशत, मिर्जापुर में 57.72 व राबर्ट्सगंज (अजा) में 55.92 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें ईवीएम खराब होने व फर्जी मतदान होने समेत विभिन्न शिकायतें रहीं।

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच आठ राज्यों की 57 सीटों पर 59 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग से शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान में 69 .89 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 49 .35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62 .76 प्रतिशत वोट डाले गए। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

### मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

सातवें चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। मोदी वाराणसी सीट से तीसरी बार प्रत्याशी रहे। उनके मुकाबले में इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रहे। गोरखपुर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद रवि किशन प्रत्याशी थे। इनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से रहा। चंदौली सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से रिंकी कोल, घोसी सीट पर राजग से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर, कुशीनगर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद विजय दुबे, मिर्जापुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में रहीं।




### अकेले भाजपा को 305 सीटें और राजग को 400 के पार सीटें मिलने का जताया गया अनुमान

# राजग को प्रचंड बहुमत मिलने के आसार

## एग्जिट पोल : अधिकांश सर्वे में राजग के बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

**मोदी हैट्रिक को तैयार**

- इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने गठबंधन के लिए 400 पार का दिया था नारा

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए चुनाव बाद सर्वेक्षण में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने जा रहे हैं। इसके साथ इन सर्वेक्षणों में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलने और कर्नाटक में फिर से एकतरफा जीत हासिल करने का अनुमान जताया गया है। कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों का इंडिया समूह कहीं भी टक्कर में दिखाई नहीं दे रहा है।


सभी सर्वेक्षण में राजग को बहुमत से कहीं अधिक सीटें दर्शायी गयी हैं। टुडेज़ चाणक्य ने 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा और उसके गठबंधन के लिए कहीं अधिक सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। इसने भाजपा को 335 सीटें और राजग को 400 सीटें दी हैं। इसने विपक्षी गठबंधन को 107 सीटें दी हैं। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दिया था। अगर एग्जिट पोल सच साबित होते हैं, तो मोदी अपनी पार्टी को लगातार तीसरी बार चुनाव में जीत दिलाने के मामले में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने 303 सीट जीती थी, जबकि राजग की संख्या 353 थी। कांग्रेस को 53 सीट और उसके सहयोगियों को 38 सीट मिली थीं।

### उप्र में 65 से अधिक सीटों एनडीए का दावा


**नई दिल्ली।** सबसे ज्यादा 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में से बीजेपी को 64 से 67 सीटें मिलती दिख रही हैं। जबकि इंडिया गठबंधन को 8 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है। एबीपी न्यूज-सीवोटर एग्जिट पोल के अनुसार एनडीए को 62-66, इंडिया गठबंधन को 15-17 और अन्य को 0 सीटें मिलती दिख रही हैं। आजतक माय एक्सिस इंडिया के अनुसार एनडीए 67-72 और इंडिया गठबंधन 8-12 सीटें जीत सकता है। एबीपी न्यूज सी-वोटर के एग्जिट पोल के अनुसार यूपी में एनडीए को 62 से 66 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया गठबंधन को 15 से 17 सीटें मिलने का अनुमान है। बसपा का सफाया हो रहा है। न्यूज नेशन के सर्वे में एनडीए को 67, इंडिया गठबंधन को 10 और अन्य को 3 सीट मिलती दिख रही है। रिपब्लिक टीवी के एग्जिट पोल में एनडीए को 69 और इंडिया अलायंस को 11 सीट दिख रही है। इंडिया न्यूज के सर्वे में एनडीए को 69 और सपा-कांग्रेस को 11 सीट मिलती दिख रही है। इंडिया टीवी सीएनएक्स के एग्जिट पोल के अनुसार भाजपा 62 से 68 सीटें जीत सकती है। सपा को 10 से 16 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा की सहयोगी रालोद और अपना दल अपनी कोटे की चारों सीटें जीतती दिख रही हैं। जबकि सुभासपा घोसी सीट हार रही है। कांग्रेस को एक सीट मिलती दिख रही है।

### अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्वास जताया कि लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा है। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मोदी ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' देखा है। कहा कि उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है।

### इंडिया गठबंधन का लोकसभा चुनावों में 295 से ज्यादा सीट जीतने का दावा



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां अनौपचारिक बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति पर चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे।

## एक नजर

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। विमान सुबह करीब 8 .45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी।

### छत्तीसगढ़ में हार्डकोर समेत तीन नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की पुलिस ने शनिवार को केरलापाल थाना क्षेत्र में हार्डकोर सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार नक्सली सुकमा चिंतलनार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमेल के निवासी है।

## अफसर के खाने में हड्डी निकली, होटल सील

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)



हवेली होटल में मौजूद उत्तराखंड के सीनियर पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार।

- दिल्ली जा रहे थे ओडिशा के काउंटिंग आर्ब्जवर श्रीश कुमार

**अमृत विचार** : गजरौला में हाईवे पर हवेली होटल में खाना खा रहे ओडिशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। इस पर उन्होंने कॉल करके स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी। इस पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में नेशनल हाईवे पर हवेली होटल है। पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग होटल का संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस अफसर श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय होटल में खाना खाने के लिए रुके। उनके साथ बेटा भी था। उन्होंने कढ़ाई पनीर का आर्डर दिया। खाना सर्व होने के बाद दोनों ने खाना शुरू किया। तभी पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। उनकी सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम ने हड्डी समेत खाने के नमूने लिए। इसके बाद एसडीएम ने होटल को सील करा दिया। होटल के प्रबंधक पंकज भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात होटल के कर्मचारियों ने पार्टी करने के लिए चिकन बनाया था। गलती से हड्डी खाने में आ गई।

> राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर श्रीश कुमार बेटे के साथ अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे थे। इस बीच वह गजरौला में हवेली होटल में खाना खाने के लिए रुके थे। वहीं उनके खाने में हड्डी निकल आई। होटल को सील कर दिया गया है।
> – **चंद्रकांता**, एसडीएम, मंडी धनौरा

## सलमान खान को मारने की साजिश में 4 शूटर गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी



- अभिनेता पर एके-47 राइफलों से हमला करने की थी योजना
- गिरफ्तार किए गए सभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य

नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने महाराष्ट्र के पनवेल में इस साल की शुरुआत में सलमान के फार्महाउस के समीप उनकी कार रोककर उन पर एके-47 राइफलों से गोलीबारी कर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों की पहचान धनंजय तपसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वस्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में की गई है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस उपायुक्त विवेक पनसारे ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को एके-47 राइफलों व अन्य हथियारों से हमला करने के निर्देश दिए गए थे।

## किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- आरोपियों ने गला दबाकर हत्या का किया प्रयास, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज


**अमृत विचार** : बीबीडी क्षेत्र में एक किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। देर रात एक आरोपी को पकड़ने का दावा पुलिस ने किया है।

इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक, पीड़िता क्षेत्र के एक गांव निवासी है। उसके अनुसार शुक्रवार रात करीब 1:30 बजे वह नित्यक्रिया के लिए निकली थी। उसी दौरान घात लगाए बाइक सवार हिमांशु यादव निवासी भिठौली, जिला बाराबंकी व शोभित यादव निवासी अनौरा कला उसका मुंह दबाकर बाइक पर जबरन बैठा ले गए। दोनों आरोपी बाराबंकी के गढ़ी स्थित एक मकान में उसे ले गए। जहां पर दोनों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने विरोध करते हुये शिकायत पुलिस से करने की बात कही तो आरोपियों ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित किशोरी का कहना है कि किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकल वह घर पहुंची व परिजनों से आपबीती बताई। वहीं, इंस्पेक्टर अजय का कहना है कि दोनों आरोपी भी नाबालिग हैं। फिलहाल दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है। एक आरोपी को पकड़ लिया गया है।

## मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पीएसी के जवान की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आदेश प्रजापति

- हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका, दस्त व सीने में दर्द की शिकायत पर अस्पताल में कराया था भर्ती

**अमृत विचार** : रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पीएसी के जवान आदेश प्रजापति (32) की शनिवार दोपहर में मौत हो गई। कारण हीट स्ट्रोक बताया जा रहा है। उसे दस्त व सीने में दर्द की शिकायत पर लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सहारनपुर के सरसावा का मूल निवासी आदेश मुरादाबाद पीएसी 23वीं वाहिनी में जीडी लेखक के पद पर तैनात था। 11 मार्च को मुरादाबाद पीएसी की गारद लखनऊ आकर रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में रुकी थी। शनिवार दोपहर ड्यूटी के दौरान करीब 12.30 बजे उसे दस्त होने लगे। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक आदेश ने सीने में दर्द के साथ कमजोरी की शिकायत की। इस पर साथी उसे लोकबंधु हॉस्पिटल ले गए। वहां से उसे सिविल अस्पताल रेफर किया गया, जहां पहुंचने के कुछ देर बाद सिपाही ने दम तोड़ दिया। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। साथी पीएसी कर्मियों ने शुरुआती जांच में हीट स्ट्रोक पड़ने का अंदेशा जताया है।

## वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गई, वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक मई को 19 रुपये तथा एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती की गई थी।

## केजरीवाल को आज जाना होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए था न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है।

## मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा जीएसटी संग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल-मई में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुए 210267 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपये की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है जो मई 2023 के शुद्ध संग्रह से 6.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 172739 करोड़ रुपये रहा है।

## गर्मी से राहत की उम्मीद, 15-22 जून के बीच बारिश संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मानसून जल्द देगा दस्तक फसलों को भी होगा फायदा

**अमृत विचार** : जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी।

लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से लेकर 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।

### ओबरा की एक उत्पादन इकाई ठप

एनटीपीसी की ऊंचाहार स्थित 500 मेगावाट क्षमता की इकाई व सिंगरौली की 500 मेगावाट इकाई के बंद होने के बाद शनिवार को ओबरा की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हो गई। इसे प्रदेश में बिजली उत्पादन घट गया। पावर कारपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि बंद हुई इकाइयों को शीघ्र चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।




## शहर में आज



- कानपुर रोड स्थित साई सेंटर पर राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 8 :00 बजे।
- दयानंद सेवा संस्थान आर्य नगर निकट दुबे टेंट हाउस में पूर्व एमएलसी स्व .अधीर दुबे की स्मृति में अधीर दुबे फाउंडेशन एवं लायंस क्लब लखनऊ की ओर से रक्तदान शिविर- 9 :00 बजे।
- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में श्रीमद्भागवत कथा- 9 :30 बजे।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित टेबल टेनिस काम्लेक्स में जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट- 10 :00 बजे।
- अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में अशोक भौमिक की कला यात्रा पर चर्चा- 11 :00 बजे।

# मॉर्निंग वॉक को निकले युवक पर झपटा कुत्तों का झुंड, बचने को तालाब में कूदा, गई जान

## आशियाना में सुबह हुई घटना, भाई से मिलने हफ्तेभर पहले हैदराबाद से आया था कासिम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना में शनिवार सुबह टहलने निकले युवक पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। दहशत में आकर युवक ने बचने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। युवक को तैरना नही आता था, इलसिए डूबने से उसकी मौत हो गई।

औरांगाबाद जागीर में रहने वाले कासिम पीरा का छोटा भाई कासिम (25) हैदराबाद में एयरपोर्ट पर सुपरवाइजर था। सप्ताह भर पहले भाई से मिलने लखनऊ आया था। सुबह करीब 4 बजे वो टहलने निकला था। इसी दौरान कुत्तों का झुंड उसपर टूट पड़ा। इनसे बचने के लिए दौड़कर कासिम तालाब में कूद गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कासिम को बाहर निकाला। उसकी मौत हो चुकी थी। उसके भाई पीरा ने बताया कि शनिवार शाम उसे हैदराबाद लौटना था।

> जानकारी मिलते ही कैटल कैचिंग दस्ते को भेजा गया। वहां से नौ कुत्तों को पकड़कर जरहरा श्वान केंद्र भेजा गया। -डॉ. अभिनव वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी

### कुत्तों के हमले में घायल 84 लोग पहुंचे अस्पताल

शनिवार को विभिन्न अस्पतालों में 84 लोग ऐसे पहुंचे जिन्हें कुत्तों ने काटा था। सबसे अधिक 52 मरीज बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। सिविल अस्पताल में 30 और लोकबंधु में दो मरीज पहुंचे। इन्हें प्राथमिक उपचार देने के साथ ही एंटी रैबीज इंजेक्शन भी लगाया गया।

- 30 मई 2024 : राजाजीपुरम में आठ वर्षीय मासूम को कुत्ते ने दौड़ाकर काटा
- 24 मई 2024 : विकास नगर में कुत्तों के दौड़ाने से युवक की गिरकर मौत
- 10 मई 2023 : बाजार खाला क्षेत्र में पांच वर्षीय बच्ची को पड़ोसी के कुत्ते ने काटा
- 1 मार्च 2023 : सृष्टि अपार्टमेंट में 13 वर्षीय युवक को कुत्तों के झुंड ने काटा



कासिम

**अधिक गर्मी कुत्तों में बढ़ा रही व्याकुलता :** पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा का कहना है कि 42 डिग्री से ज्यादा तापमान में कुत्तों में व्याकुलता बढ़ जाती है। वे हिंसक हो जाते हैं। तीन साल में 80 हजार कुत्तों को पकड़ा गया। नसबंदी और टीकाकरण के बाद उन्हें वहीं छोड़ा गया जहां से पकड़ा गया था। क्षेत्र बदलने से भी कुत्ते हिंसक हो जाते हैं।

## हाईकोर्ट ने पूछा-समस्या का समाधान करने में क्या है बाधा

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उच्च न्यायालय ने लिया आवारा कुत्तों के हमलों का स्वतः संज्ञान

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आवारा कुत्तों के लोगों (खास तौर पर बच्चों) पर हमलों का स्वतः संज्ञान लिया है। साथ ही नगर निगम (लखनऊ) से पूछा है कि इस समस्या के समाधान के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं और इसमें क्या बाधा आ रही है।

अदालत ने निगम को हलफ़नामा दाखिल कर जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने पारित किया। न्यायालय ने वरिष्ठ निबंधक को मामले को 'आवारा कुत्तों से खतरा' नाम से स्वतः संज्ञान जनहित याचिका के तौर पर दर्ज करने का आदेश दिया है।

कुछ अधिवक्ताओं ने न्यायालय के समक्ष अखबारों में छपी उन खबरों को रखा जिसमें विकास नगर इलाके में आवारा कुत्तों से बचकर भागने के चक्कर में दो बच्चों की मौत हो गई। न्यायालय ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इस प्रकार की अन्य खबरों का भी जिक्र किया।

अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने न्यायालय को बताया कि आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स, 2023 के तहत किया जा रहा है। इस पर न्यायालय ने कहा कि जिस कुत्ते की नसबंदी व टीकाकरण हो गया है, वह यदि लोगों को काटने लगता है तो इस संबंध में क्या उपाय किया जा रहा है।

न्यायालय ने कहा कि हम फिलहाल यह नहीं कर रहे कि ऐसे मामलों में क्या करना आवश्यक है लेकिन सम्बंधित अधिकारियों के लिए जरूरी है कि वह इस खतरे को गम्भीरता से लें।

## एक नजर

### वाहनों के वीआईपी नंबर की बुकिंग आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** संभागीय परिवहन कार्यालय ट्रांसपोर्टनगर में वीआईपी नंबरों के लिए रविवार से आवेदन किए जाएंगे। एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि वाहनों के वीआईपी नंबरों की नई सीरीज के लिए बुकिंग शुरू होने जा रही है। इस बार यूपी 32 पीआर सीरीज के नंबरों की ऑनलाइन बुकिंग दो जून की सुबह 10 बजे से शुरू होगी। ऑनलाइन नीलामी के जरिए वीआईपी नंबर दिए जाएंगे।

### 5 से 20 घंटे देरी से चल रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेल लाइनें पर ट्रैफिक अधिक होने से लंबी दूरी की नियमित ट्रेनें 5 से 20 घंटे की देरी से लखनऊ स्टेशन पहुंच रहीं हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री भीषण गर्मी और लू से परेशान हो रहे हैं। रेलवे कंट्रोल रूम के मुताबिक शनिवार को वाया लखनऊ चलने वाली 01431 पुणे-गोरखपुर 20 घंटे देरी से पहुंची। 05326 एलटीटी-गोरखपुर ट्रेन भी 11 घंटे देरी से लखनऊ स्टेशन पहुंची। ट्रेन संख्या 04057 मुज्जफरपुर-आनन्द विहार नौ घंटे और 05654 जम्मूतवी-गोवाहटी 8 घंटे की देरी से आई। ट्रेन नंबर 02204 गरीब रथ साढ़े पांच घंटे, ट्रेन नंबर 04311 देहरादून स्पेशल साढ़े पांच घंटे और ट्रेन नंबर 13152 कोलकाता एक्सप्रेस 4 :30 घंटे देरी से चलने की सूचना से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

### 1.42 लाख शिक्षामित्रों को 1 से 14 तक मानदेय नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष में दो बार 15-15 दिनों के मानदेय में कटौती किये जाने पर शिक्षा मित्रों ने नाराजगी व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी प्रदेश के लगभग 1 लाख 42 हजार शिक्षामित्रों को 1 जून से 14 जून तक का मानदेय नहीं मिलेगा। सरकार हर बार जनवरी एवं जून में 15-15 दिन की दो बार वर्ष में मानदेय की कटौती कर लेती है। इस भीषण महंगाई में भी शिक्षा मित्रों को मात्र 10 हजार रूपये मानदेय के रूप में गुजारा भत्ता दिया जाता है जिससे गुजारा करना मुश्किल ही नहीं असम्भव सा हो जाता है। ऐसे में मानदेय का आधा हिस्सा अर्थात पांच हजार रूपक की कटौती कर लिया जाना न सिर्फ अमानवीय है बल्कि उत्पीड़न भी है।

# फ्रिज का कंप्रेशर फटने से जिंदा जला दुकानदार

## किराना दुकान में रखे पेट्रोल से भड़की आग में फंस गया था दुकानदार

निज संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब इलाके के कोटवा गांव में शनिवार सुबह किराना दुकान में फ्रिज का कंप्रेशर फटने से आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकानदार जिंदा जल गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचीं दमकल की तीन गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया।

कोटवा गांव निवासी शिव बहाल मौर्या (55) घर में ही किराने की दुकान और आटा चक्की चलाते थे। शनिवार सुबह करीब आठ बजे वह दुकान खोलकर बैठे थे। इसी बीच दुकान में रखा फ्रिज धमाके के साथ फट गया। इससे आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। शिव बहाल भी आग के बीच फंस गए। धमाकों की आवाज सुनकर ग्रामीण शोर मचाते हुए दुकान की ओर दौड़े और बाल्टियों व सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू करने में जुट गए। दुकान में फंसे शिव बहाल की चीख सुनकर कुछ ग्रामीणों ने अंदर जाने का प्रयास किया लेकिन आग विकराल होने से हिम्मत नहीं जुटा सके। ग्रामीणों की सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन से पहुंचीं दमकल की तीन गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार ने बताया कि कोई बता नहीं पा रहा था कि दुकानदार कहां है।

आग पर काबू होने के बाद टीम अंदर की स्थिति देखने गई तो वहां शिव बहाल का बुरी तरह जली स्थिति में मिली। आनन-फानन उन्हें एंबुलेंस से सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



शिव बहाल मौर्या।

### इकलौते कमाने वाले थे शिव बहाल

एसीपी बीकेटी सुजीत दुबे ने बताया कि हादसे की सूचना पर इंस्पेक्टर बीकेटी राणा राजेश सिंह टीम के साथ पहुंचे थे। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के कारण की जांच शुरू कर दी है। एसीपी के मुताबिक शिव बहाल के परिवार में पत्नी सुषमा, तीन बेटियां और दो बेटे हैं। शिव बहाल परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। ग्रामीणों के मुताबिक शिव बहाल के पास कृषि योग्य भूमि कम है। ऐसे में परिवार पर गुजारे का संकट आ गया है।



आग से जले शिव बहाल को दुकान से निकालते फायर ब्रिगेड कर्मी व स्थानीय लोग।

### राशन के साथ बेचते थे पेट्रोल

ग्रामीणों ने बताया कि गांव से पेट्रोल पंप की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। शिव बहाल किराने की दुकान में पेट्रोल भी बेचते थे। दुकान में वह प्लास्टिक की पिपिया में पेट्रोल भरकर रखते थे। हादसे के समय भी दुकान में पेट्रोल से भरी पिपिया रखी थी। पेट्रोल के कारण ही आग तेजी से दुकान में फैल गई।

- 27 मई 2024- मौलवी गंज में मरम्मत के दौरान एसी का कंप्रेसर फटने से 3 लोग झुलस गए थे।
- 3 सितंबर 2020- आशियाना के रजनी खंड में फ्रिज का कंप्रेसर फटने से युवक के चीथड़े उड़ गए थे।
- 9 जुलाई 2015- पारा के तेजीखेड़ा में एसी कारीगर सनी की कंप्रेशर फटने से मौत हो गई थी।

### फ्रिज को दीवार से एक फीट दूर रखें

बिजली विभाग के मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि फ्रिज पुराना होने पर कंप्रेशर कमजोर हो जाता है। इससे कंप्रेशर के फटने की संभावना बढ़ जाती है। एक बार मरम्मत के बाद कंप्रेशर बदल देना चाहिए। फ्रिज को दीवार से कम से कम एक फीट की दूरी पर रखना चाहिए। फ्रीजर में बर्फ जमने पर उसे डिफ्रॉस करते रहना चाहिए। डिफ्रॉस का पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। माइक्रोवेव को भी गर्मी में लगातार नहीं चलाना चाहिए।

### तापमान बढ़े तो हर आधे घंटे में बंद कर दें एसी

मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि एसी 45 डिग्री तापमान तक के हिसाब से डिजाइन किया जाता है। तापमान 45 से अधिक होने पर कंप्रेशर की फटने की संभावना दोगुनी हो जाती है। एसी को 20-22 डिग्री सेल्सियस पर चलाना चाहिए। आधे घंटे में कुछ देर के लिए एसी को बंद कर देना चाहिए। गर्मी में एसी को हर सप्ताह पूरी तरह से जांचना चाहिए।

# हॉस्टल में एसी का कंप्रेशर फटने से लगी आग, 28 छात्राएं फंसी

## दमकल कर्मियों ने बाहर निकाला और एक घंटे में आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज के नवल किशोर रोड स्थित स्कालर्स फोरम हॉस्टल में एसी का कंप्रेशर फटने से आग लग गई। हॉस्टल में मौजूद 28 छात्राएं आग के बीच फंस गईं। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने सीढ़ी लगाकर छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की दो गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार ने बताया कि नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला भवन की पहली और दूसरी मंजिल पर कोचिंग चलती है। तीसरी मंजिल पर स्कालर्स फोरम गर्ल्स हॉस्टल है। हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रहीं छात्राएं रहती हैं।


शनिवार शाम करीब छह बजे हॉस्टल में लगे एसी का कंप्रेशर शार्ट सर्किट होने से फट गया। तेज धमाके के साथ आग लग गई। लपटें उठती देख छात्राएं चीखने लगीं। छात्राओं ने प्रबंधक अनुज श्रीवास्तव को फोन कर मदद मांगी। पड़ोसियों ने धुआं देख फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। कोचिंग में मौजूद लोगों ने सीढ़ी लगाकर छात्राओं को निकालने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच दो गाड़ियां लेकर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी पहुंचे। एक टीम आग पर काबू करने में जुट गई और दूसरी ने सीढ़ियां लगाकर छात्राओं को बाहर निकालना शुरू किया। एफएसओ ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### हॉस्टल सील, छात्राओं को दूसरे हॉस्टल भेजा

एफएसओ राम कुमार रावत ने बताया कि हॉस्टल में आग से बचाव के उपकरण नहीं थे। निकलने के लिए एक ही रास्ता बना रखा है। हॉस्टल को सील कर दिया गया है। संचालक ने सिकंदरबाग स्थित दूसरे हॉस्टल में छात्राओं को भेज दिया है। आग से बचाव के सारे उपकरण लगाने के बाद ही हॉस्टल खोला जाएगा। नियम का पालन न करने के मामले में हॉस्टल संचालक और प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अंधेरा होने के कारण भाग नहीं पाईं छात्राएं

धमाके से घबराई छात्राएं बाहर निकलीं तो अंधेरा छाया था। आग की लपटें उठ रहीं थीं और हर तरफ धुआं था। अंधेरा और धुआं होने के कारण छात्राओं को रास्ता नहीं मिल पाया। अफरा-तफरी में कुछ छात्राएं गिर कर चोटिल हो गईं। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम पहुंच गई थी। अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट आने के बाद हास्टल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




विकास | नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सिंचाई सहित पांच विभाग मिलकर करेंगे काम

# गहरी होगी कुकरैल नदी, किनारों का होगा सौंदर्यीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सिंचाई, वन व ग्राम्य विकास बढ़ाएंगे गहराई, करेंगे समतल

▸▸ एलडीए और नगर निगम कराएंगे किनारों पर सौंदर्यीकरण

**अमृत विचार :** कुकरैल नदी को गहरा कराकर दोनों किनारों का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। पांच विभाग मिलकर ये काम चार जून के बाद करेंगे।।

28 किलोमीटर लंबी कुकरैल नदी को पुराने स्वरूप में लाने के लिए खुदाई की जाएगी। सिंचाई विभाग शून्य से 4.7 किलोमीटर तक और वन विभाग 4.7 से 24 किलोमीटर तक नदी को गहरा करेगा। 24 से 28 किलोमीटर तक नदी को गहरा कराने और समतलीकरण का काम ग्राम्य विकास विभाग करेगा। एलडीए और नगर निगम नदी के दोनों किनारों का सौंदर्यीकरण कराएंगे।



> शासन ने विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी है। जलस्तर बढ़ाने के लिए नदी की दो मीटर खुदाई की जाएगी। आचार संहिता समाप्त होने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।
>
> -सत्यप्रिय सिंह, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

### अतिक्रमण से सिकुड़ती चली गई 28 किलोमीटर लंबी नदी

कुकरैल नदी का उद्गम स्थल बीकेटी क्षेत्र के दसौली गांव के पास है। 28 किलोमीटर लंबी यह नदी गोमती में मिलती है। नदी पर जगह-जगह लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। इससे नदी सिकुड़ती चली गई। प्रदेश सरकार की पहल पर इसे सुधारने और संवारने की योजना बनाई गई है।

### ट्रांसगोमती क्षेत्र की जलापूर्ति के लिए बनाई जाएगी झील

कुकरैल नदी के छह किलोमीटर के क्षेत्र में चेकडैम बनाकर झील विकसित की जाएगी। इसे गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। झील से ट्रांसगोमती क्षेत्र के लोगों को जलापूर्ति की जाएगी। अभी कठौता झील से ट्रांसगोमती क्षेत्र की लगभग 10 लाख की आबादी को जलापूर्ति की जाती है। गर्मी में झील का जलस्तर कम होने पर पानी का संकट पैदा हो जाता है।

### 40 वर्षों में नदी क्षेत्र में बस गया अकबरनगर

कुकरैल नदी क्षेत्र और बंधे पर पिछले 40 वर्षों में अवैध तरीके से अकबरनगर बस गया है। अतिक्रमण करके लोगों ने यहां मकान, दुकानें, शोरूम और कॉम्प्लेक्स बना लिए हैं। खुर्रमनगर में नदी की 1300 मीटर भूमि पर मकान बन चुके हैं। इन भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जानी है। भीखमपुर में नदी की जमीन पर बने लगभग 55 मकान एलडीए ध्वस्त कर चुका है।

## एक नजर

### भेजे गये यूपी बोर्ड 12वीं के अंक पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के अंकपत्र, सह प्रमाण पत्र शनिवार को जिलों में भेज दिए गए। पहले हाईस्कूल के साथ ही इंटर के प्रमाण पत्र भेजने की तैयारी थी लेकिन हाईस्कूल के प्रमाण पत्र मिलने में देरी को देखते हुए शनिवार से इंटर के प्रमाण पत्र भेजना शुरू कर दिया गया है। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि 12वीं के प्रमाण पत्र पहले भेजे जाने से उच्च शिक्षा में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को परेशानी नहीं होगी। हाईस्कूल के प्रमाण पत्र अगले सप्ताह मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद जिलों को भेजा जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला शनिवार को लाल बारादरी परिसर में शुरू हुई। यह कार्यशाला 20 दिन तक चलेगी। अकादमी निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला के मुताबिक, कार्यशाला दो आयुवर्गों में आयोजित की जाएगी। पहले वर्ग में 10 से 17 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल किए जाएंगे। वहीं दूसरे वर्ग में 18 से 25 वर्ष आयुवर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। कार्यशाला सुबह 8 बजे से 10 बजे के बीच आयोजित की जायेगी। कार्यशाल में विभिन्न प्रकार के चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिसकी खास बात चित्रों को अलग-अलग रंगों से बनाया जाना होगा। साथ ही इन चित्रों में भारतीय संस्कृति के बारे में भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा।

# अब नहीं चलेगा शिक्षकों का बहाना ऑनलाइन हाजिरी होगा लगाना

## राजधानी के सभी प्राइमरी विद्यालयों के लिए बीएसए ने वितरित किए सिम कार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


खंड शिक्षा अधिकारियों को सिम कार्ड देते बीएसए राम प्रवेश। अमृत विचार

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक विद्यालयों में अब टैबलेट से उपस्थिति दर्ज कराने में शिक्षकों का कोई बहाना नहीं चल सकेगा। पूर्व में दिए गये टैबलेट को चालू करने के लिए विभाग की ओर से सिम वितरित कर दिये गये हैं।

शनिवार को बीएसए राम प्रवेश ने सभी प्राइमरी विद्यालयों के लिए निर्धारित 2,440 टैबलेट के लिए सिम कार्ड दिए हैं। एयरटेल कंपनी के ये सिम विद्यालय खुलते ही टैबलेट में अपडेट करने होंगे। बीएसए ने कहा सिम का वितरण करने से पहले ब्लॉकों में बेहतर नेटवर्क वाली कंपनी के बारे में जानकारी ली गई थी। उसके बाद सिम कार्ड की खरीदारी की गई। ताकि कोई नेटवर्क की दिक्कत न रहे।

बता दें कि शिक्षकों को टैबलेट का वितरण पिछले ही सत्र में हुआ था लेकिन सिम को लेकर विरोध हो रहा था। शिक्षकों की मांग थी कि सिम विभाग की ओर से दिया जाए, वह अपना सिम नहीं लगायेंगे। बाद में फिर शिक्षा महानिदेशक ने कंपोजिट ग्रांट से सिम खरीदने की अनुमति जारी कर दी और अब सभी जिलों में सिम दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि टैबलेट से ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों का विरोध अभी भी है।

**इस ब्लॉक को मिले इतने सिम :** बक्शी का तालाब में 414, चिनहट में 147, गोसाईगंज में 278, काकोरी में 205, माल में 249, मलिहाबाद में 256, मोहनलालगंज में 348, नगर-1 में 54 , नगर-2 में 79, नगर-3 में 57, नगर 4 में 60, सरोजनीनगर में 293 सिम सहित कुल 2,440 सिम वितरित किए गये हैं।

### सभी ब्लॉकों की हुई समीक्षा

सभी ब्लॉकों और नगर जोन के विद्यालयों की प्रगति को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी ( बीएसए) ने खंड शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए। कहा कि निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, नव प्रवेशित बच्चों की संख्या, आरटीई के अन्तर्गत बच्चों का प्रवेश, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर संबंधित सूचना अपडेट कर ली जाए। वहीं आईजीआरएस के प्रकरणों का निस्तारण, नवीन निर्माण कार्य प्रगति सूचना, धनराशि के व्यय का उपभोग प्रमाण पत्र, मान्यता प्रकरण जांच संबंधी सूचना और मृतक आश्रित प्रकरण हल करने में तेजी लाई जाए। वहीं विद्यालय पंजिका का डिजिटलाइजेशन और मानव संपदा पोर्टल संबंधी कार्य भी पूरा कराए जाए।

> सभी प्राथमिक विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी शुरू हो सकें, इसके लिए सिम का वितरण कर दिया गया है। नये सत्र से पूरी प्रक्रिया टैबलेट के माध्यम से ही शिक्षकों को करनी होगी। टैबलेट से ही प्रार्थना सभा की फोटो भी भेजनी होगी।
> **-राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

### छात्र कार्तिक को मिला 26 लाख का प्रतिवर्ष पैकेज

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के बीटेक ईसीई के छात्र कार्तिक गुप्ता का जर्मन में स्थापित आईटी कंपनी में 26 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने कार्तिक गुप्ता को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि कार्तिक की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बना है। यह सफलता दर्शाती है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## प्रायोगिक परीक्षाओं में होगी बायोमीट्रिक उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- एकेटीयू की परीक्षा समिति ने लिया निर्णय
- कैरी ओवर परीक्षाओं में एमसीक्यू प्रारूप लागू कराने पर हुई चर्चा

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रो. जेपी पांडे के अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें ये तय हुआ कि अब लिखित परीक्षाओं की तरह ही प्रायोगिक परीक्षाओं में भी परीक्षार्थियों को बायोमेट्रिक उपस्थित दर्ज करानी होगी।

साथ ही कैरी ओवर परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न यानी एमसीक्यू प्रारूप भी लागू कराने की चर्चा हुई। इसके लिए एक समिति बनाने पर विचार किया गया है। जिससे कैरी ओवर परीक्षाओं के परिणाम जल्द घोषित किया जा सकेंगे।

प्रस्ताव को परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने प्रस्तुत किया। इस बैठक में कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी सुशील कुमार गुप्ता, डीन यूजी प्रो. अनुराग त्रिपाठी सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.) से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 10.06.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)



एमिटी विद्यालय में ग्रीष्मावकाश शिविर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नृत्य करते बच्चे व साथ में शिक्षिकाएं।। अमृत विचार

## ग्रीष्मावकाश शिविर में बच्चों का दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एमिटी विद्यालय की ओर से ग्रीष्मावकाश शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या रचना मिश्रा ने बताया कि पिछले आठ दिनों तक चलने वाले इस शिविर का समापन शनिवार को हो गया। इसमें कक्षा 10 व 12 के बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले छात्रों ने अपने रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान श्रवण कुमार एकलव्य जैसे विषयों की प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## पुनर्वास विश्वविद्यालय में होगी डाटा सांइस और बीसीए की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति ने देखा कम्प्यूटर विज्ञान विभाग का प्रस्तुतीकरण

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन व एमएस इन फाइनेंशियल डाटा साइंस विषय शुरू होंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए विभाग के समन्वयक डॉ. देवेश कटियार ने बताया कि पाठ्यक्रम को आगामी सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और एआईसीटीई की गाइडलाइन के तहत अपडेट किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि भविष्य में एमएस इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, स्पेशलाइजेशन और मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन व डाटा साइंस के नये कोर्स शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए कार्ययोजना भी तैयार हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कोर्स को शुरू किए जाने के लिए पूरी तैयारियों का प्रस्तुतीकरण देखा।


उत्कृष्ट परिणामों के लिए इफ्को बरेली की प्राचार्य अमिता सिंह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करतीं केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पांडे। अमृत विचार

## केंद्रीय विद्यालय ने बोर्ड परीक्षा परिणाम पर की चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक संभागीय प्राचार्य सम्मेलन के दूसरे दिन शैक्षिक सत्र 2023-24 के सीबीएसई 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम पर चर्चा हुई। जिन विद्यालयों के बच्चों के नंबर कम आये या फेल हुए उसमें सुधार को लेकर भी सुझाव दिए गये।

राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित इस चर्चा में सहायक आयुक्त अनूप अवस्थी ने प्रवेश प्रक्रिया और शैक्षणिक पहलुओं पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। दूसरे सत्र में केन्द्रीय विद्यालय संगठन आयुक्त निधि पांडे ने अपने विचार रखे। इस दौरान उप आयुक्त सोना सेठ व सहायक आयुक्त अर्चना जायसवाल भी शामिल हुई।


कार्यक्रम के दौरान नृत्य करती युवतियां। अमृत विचार

## समर एक्स्ट्रावैगान्जा के आयोजन में बच्चों ने मचाई धूम

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस द्वारा समर एक्स्ट्रावैगान्जा का आयोजन विद्यालय के प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. विक्रम सिंह ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की। समारोह में सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी, प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन समेत प्रधानाचार्याओं एवं बड़ी संख्या में अभिभावकों व लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।


## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रांशू शर्मा पुत्र **सन्तोष कुमार शर्मा, निवासी- ग्राम- कुतुबनगर, पो0- कुतुबनगर थाना- पिसावां, तहसील- मिश्रित, जिला- सीतापुर** एवं पुत्र वधू डाली शर्मा का चाल-चलन अच्छा नही है और यह मुझे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके है और मुझे मजबूर कर पैत्रक सम्पत्ति हड़पना चाहते है । मुझे व मेरे दूसरे पुत्र प्रशान्त को उनसे जान माल का भय बना हुआ है। अत: मै अपने पुत्र प्रांसू शर्मा व उसकी पत्नी डाली शर्मा से सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। आज से प्रांशू शर्मा व उसकी पत्नी डाली शर्मा द्वारा कोई भी अच्छा या बुरा काम किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। यह लोग हमारे परिवार से अलग लखनऊ में रहते है।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **रहतुनन्निषा पत्नी स्व0 जमीर खान निवासिनी-मकान सं0- 541/आर/325 रिफा कालोनी न्यू हैदरगंज, चौक, लखनऊ, उ0 प्र0-226003**, मैने अपने पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार का चाल-चलन ठीक न होने, गलत आदतों व उद्दण्डता का व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और पूर्णतया परिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिया है। मेरे पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रुखसार के द्वारा किए गए कृत्यों व लेन-देन की पूरी जिम्मेदारी मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार की होगी मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे समस्त अभिलेखों में सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान अंकित है जबकि मेरे बैंक ऑफ बडौदा खाता संख्या 38170100004284 में सईद अहमद हो गया है जो गलत है मुझे सईद खान के नाम से जाना जाय। - **सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान, निवासी- गेधरिया, थाना- विशेश्वरगंज, जिला- बहराइच**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार, ग्राम - न्यू खामोडू, पोस्ट -जयरामपुर,थाना -जयरामपुर, जिला -चांगलांग,पिन कोड- 792121,अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम -बलई गांव,पोस्ट- मोतीपुर, थाना- मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, एन. आर.एस. - मुर्तिहा,जिला- बहराइच, पिन कोड 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें।- **प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार,निवासी ग्राम -बलई गांव, पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, जिला- बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

### सूचना

मैं पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम, निवासी ग्राम- तिलका कटरा बाजार गोंडा की निवासिनी हूं। यह घोषणा करती हूं कि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **-पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

### केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**आवश्यकता है**

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/-**

**अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।**

**प्रबन्धक/प्राचार्य**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पहले अभिलेख में मेरा नाम असलम था जो गलत था अब मेरे सारे अभिलेख में मेरा नाम असलम अहमद है जो सही है मुझे इसी नाम से जाना जाए । - **असलम अहमद पुत्र मुबीन अहमद, निवासी- सचौली, थाना- पयागपुर, जिला बहराइच**

### सूचना

सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, ग्राम -टिकरी बस्ती , पोस्ट --जुन्हेबोतो ,थाना- जुन्हेबोतो , जिला- जुन्हेबोतो , एन. आर. एस.- दिमापुर, पिन कोड- 798620, नागालैंड का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम -बलई गांव पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील -मिहींपुरवा, एन.आर.एस.- मुर्तिहा, जिला बहराइच, पिन कोड- 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें। - **टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, निवासी ग्राम -बलई गांव पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, जिला- बहराइच, उत्तर प्रदेश।**



## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रुमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

### आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना




आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि०मी०
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि०मी०
- मटियारी चौराहा – 14 कि०मी०
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि०मी०
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि०मी०

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर

### गारमेंट्स शोरूम की संचालिका ने लगाया अश्लीलता का आरोप

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** लेडीज गारमेंट्स शोरूम की संचालिका ने युवक पर अश्लीलता व मारपीट करने का आरोप लगाया है। माल थाना क्षेत्र निवासिनी युवती की माल कस्बा में दुकान है। संचालिका का आरोप है कि शुक्रवार शाम करीब 4 बजे दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान रामनगर निवासी मनीष दुकान पर आया और अश्लील बातें करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

### मारपीट की तीन घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मारपीट की तीन घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ितों ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिजनौर के अलीनगर खुर्द निवासी चांदनी ने विनोद, प्रमोद और शमशेर के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, बंथरा के दरियापुर, गढ़ी चुनौटी में रहने वाले बालकिशन ने अनिल, आशीष, चाहत और नंदलाल के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर, सरोजनीनगर के गहरू निवासी रामू ने अमित गौतम, अनूप गौतम और मुन्नी देवी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गर्मी से थोड़ी राहत, मरीजों की बढ़ी आफत

## बीते दिन से 3.6 डिग्री कम रहा अधिकतम तापमान, न्यूनतम 0.5 डिग्री बढ़ा, रात रही उमसभरी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**42.2** डिग्री रहा अधिकतम तापमान

**29.8** डिग्री रहा न्यूनतम तापमान

**अमृत विचारः** राजधानी में शनिवार को शुक्रवार की अपेक्षा दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। लेकिन, डायरिया, डिहाइड्रेशन से पीड़ित लोगों की दिक्कत बढ़ गई। शहर के प्रमुख अस्पतालों में शनिवार को 393 मरीज पहुंचे। इनमें से 176 मरीजों को भर्ती करना पड़ा।

शनिवार को दिन में अधिकतम 42.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया जो बीते दिन से 3.6 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 29.8 डिग्री दर्ज किया गया जो बीते दिन से 0.5 डिग्री अधिक रहा।मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अब अरब सागर से नम हवाएं आना शुरू हो गई हैं। इसकी वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।



सरकारी अस्पताल के टीबी वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ.एनबी सिंह ने बताया कि मरीजों की सहूलियत के लिए इमरजेंसी में स्टाफ बढ़ाया गया है। हालांकि हीट वेव से पीड़ित कोई मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं है। लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित का कहना है कि इलाज से संबंधित जरूरी इंतजाम किए गए हैं। हीट वेव के मरीजों के लिए 12 बेड भी आरक्षित किए गए हैं। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 80 फीसदी से अधिक बेड फुल हैं।

**टीबी के मरीजों की बढ़ी दिक्कत :** भीषण गर्मी टीबी मरीजों के लिए आफत बन रही है। उनमें सांस फूलने, खांसी तेज होने और बलगम अधिक बनने की दिक्कत सामने आ रही है। ठाकुरगंज स्थित राजकीय टीबी संयुक्त चिकित्सालय में जहां एक सप्ताह पहले ओपीडी में 8-10 मरीज आते थे, वहां इस समय 30 से 35 मरीज चेकअप के लिए आ रहे हैं। भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या दो-तीन होती थी लेकिन अब रोज 8 से 10 मरीज भर्ती हो रहे हैं।

टीबी अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह के अनुसार गर्मी में टीबी की दवाओं से मरीजों में बेचैनी, उलझन के साथ बेहोशी की समस्या पैदा हो रही है। वहीं बलरामपुर अस्पताल के टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. एपी गुप्ता ने बताया कि टीबी के मरीजों को ठंडा पानी नहीं पीने की हिदायत दी जाती है। ऐसे में दवा का साइड इफेक्ट अधिक सामने आ रहा है। उन्होंने अधिक पानी पीने के साथ ओआरएस का घोल और जूस पीने की सलाह दी है।

### अगले 48 घंटों में राहत, 20 से बारिश के भी आसार

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में अभी हीट वेव चलते रहेगी। येलो अलर्ट भी है। लेकिन अगले 48 घंटों में गर्मी का असर कुछ कम होगा। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि लखनऊ में जून माह में तापमान कम हो जायेगा। हल्की बारिश की भी संभावना है। शुरुआती दिनों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। जून में आर्द्रता बढ़ेगी। इससे उमस भरी गर्मी होगी। लखनऊ में इस बार मानसून 19- 20 जून के बीच आने की संभावना है।



### हीटवेव मरीजों के लिए लोहिया संस्थान ने शुरू की हेल्पलाइन

**अमृत विचार,लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने गर्मी और हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए हेल्प लाइन शुरू की है। हेल्प लाइन पर डॉक्टर सोमवार से रविवार 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि 8189007827 एवं 8176007286 नंबरों पर कोई भी हीट स्ट्रोक होने पर मदद ले सकता है। डॉक्टर हीट स्ट्रोक से बचाव व उपचार की सलाह देंगे। निदेशक ने कहा कि जिन मरीजों को जांच व डॉक्टर की सलाह के लिए तारीख मिली है। अधिक तकलीफ न होने पर 15 से 20 दिन घर में रहकर पूर्व की तरह दवाएं ले सकते हैं।

# नगर निगम में बनेगा महिला कर्मचारियों का संगठन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ संगठन में अधिकारी-कर्मचारी सहित 11 सदस्य होंगे, उत्पीड़न के खिलाफ उठाएंगे आवाज

**अमृत विचार :** नगर निगम में महिला कर्मचारियों और अधिकारियों का संगठन बनाया जाएगा। इसमें अधिकारी, कर्मचारी और सफाईकर्मी सहित 11 सदस्य रहेंगे। संगठन बनने से महिला कर्मचारियों के साथ उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगेगी।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि नगर निगम में महिला कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की शिकायतें लगातार आ रही थीं। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश पर संगठन बनाया जाएगा। इसमें मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और सहायक नगर आयुक्त, दो राजस्व निरीक्षण, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, दो बाबू स्तर की कर्मचारी, दो चतुर्थ श्रेणी और दो सफाईकर्मी शामिल होंगी।

संगठन के समक्ष महिला कर्मचारी व अधिकारी उत्पीड़न से लेकर अपने घर और वेतन संबंधी समस्याएं भी रख सकेंगी। इसके अलावा नगर निगम में कामकाज के दौरान महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने के साथ ही उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा।

यह भी तय किया गया कि अब महिला कर्मचारियों को छह माह से छह वर्ष के बच्चों को स्तनपान कराने के लिए नगर निगम में फीडिंग रूम बनाए जाएंगे। संगठन द्वारा महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर और सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा।

### नगर निगम मुख्यालय पर महिला कर्मचारी लगाएंगी भंडारा

ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर नगर निगम की महिला कर्मचारी और अधिकारी नगर निगम मुख्यालय के बाहर भंडारे का आयोजन करेंगी। इसमें सभी महिला कर्मचारी और अधिकारी ही भंडारे में प्रसाद वितरण करेंगी। आठों जोन की महिला कर्मचारी व अधिकारी भंडारे में शामिल होंगी।

# हज हाउस कैंटीन संचालक के पास फूड लाइसेंस नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ राज्य हज समिति पर हज यात्रियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ का आरोप

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर स्थित हज हाउस में राज्य हज समिति ने ऐसी फर्म को कैंटीन का ठेका दे दिया है जिसके पास खाद्य विभाग का फूड लाइसेंस तक नहीं है। राजाजीपुरम निवासी संजय शर्मा की शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में इसका खुलासा हुआ है। कैंटीन लखनऊ से हज यात्रियों के लिए खोली गई है।

संजय शर्मा ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उप निदेशक, हज कमेटी के सचिव व प्रशासनिक अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी, हज कमेटी के ओएसडी मोहम्मद जावेद खान पर हज यात्रियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

संजय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कैंटीन चलाने वाली फर्म को ब्लैक लिस्ट करने और फर्म को ठेका देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बीमारी से हुई थी बैंक के पीओ की मौत

**अमृत विचारः** गाजीपुर क्षेत्र के एक होटल के कमरे में ठहरे अंबाला निवासी बैंक के पीओ की बीमारी से मौत होने की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है।

पुलिस के मुताबिक, अंबाला निवासी नवीन कुमार (31) केनरा बैंक में पीओ थे। वह ट्रेनिंग के लिए लखनऊ आए थे। गाजीपुर स्थित एक होटल में रुके नवीन का शव शुक्रवार को होटल में मिला था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव ले गये। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि गुरुवार रात नवीन की तबीयत बिगड़ने पर साथी उन्हें इस्माइलगंज स्थित सुषमा हॉस्पिटल गए थे। जहां से लौटने के बाद नवीन कमरे में सोने गए थे और शुक्रवार सुबह मृत मिले थे।

# स्टेशनों पर और ट्रेनों में न हो पानी की कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने शनिवार को चारबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने गर्मी में रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को पानी की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश रेलकर्मियों को दिए हैं।

अमृत विचार ने स्टेशनों पर पानी की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर को संज्ञान में लेकर डीआरएम स्टेशन पहुंचे। सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि डीआरएम ने फर्स्ट क्लास फुट ओवरब्रिज का ध्वस्तीकरण कार्य भी देखा। लिनेन वॉशिंग प्लांट, कैश ऑफिस का भी निरीक्षण कर वापस लौट गए।



चारबाग कोचिंग केयर कॉम्प्लेस का निरीक्षण करते उत्तर रेलवे के डीआरएम एस एम शर्मा।


रेलवे स्टेशनों पर पानी की किल्लत

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### ट्रेन कोच मेंटेनेंस के कार्य को सतर्कता और सुरक्षा के साथ करने के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस .एम .शर्मा ने शनिवार को चारबाग स्थित इलेक्ट्रिकल सिक लाइन कॉम्प्लेस, कोचिंग केयर कॉम्प्लेस , सिक लाइन का निरीक्षण किया । इस दौरान डीआरएम ने सिक लाइन में सवारी गाड़ियों के रख रखाव व उनके मेंटेनेंस के लिए किये जा रहे कार्य को देखा और परखा । रेलवे सुपरवाइजर्स को ट्रेन कोच मेंटेनेंस के कार्य को सतर्कता और सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करने के सख्त निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि रेलकर्मियों ने जो ज्ञान व अनुभव प्राप्त किया है, उसे वह अपने अधीनस्थ सहकर्मियों के साथ अवश्य साझा करें, कार्य के दौरान शार्टकट न अपनाएं । टीम वर्क से रेल संरक्षा मजबूत होती है।

## गर्मी के कारण सिटी बसों में यात्री घटे

**अमृत विचार, लखनऊः** सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के तहत शहर में चलने वाली एसी इलेक्ट्रिक बसें खाली दौड़ रहीं हैं। बस स्टापों पर चालक,परिचालक को यात्री नहीं मिल रहे हैं। भीषण गर्मी में यात्री घरों से नहीं निकल रहे हैं। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि गर्मी शुरू होने से पहले एसी बसें फुल चल रही थीं। अब बसें खाली चलने से नुकसान उठाना पड़ रहा है। लखनऊ के 14 मुख्य मार्गों पर 100 से अधिक एसी ई बसें चल रही हैं। इन बसों से पहले 20 हजार के करीब यात्री सफर करते थे, इस समय संख्या घटकर 12 हजार के करीब पहुंच गई।

# चांदन में बन रहे रो-हाउस दोबारा सील


कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ गुडम्बा में दो व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स भी सील किए गए

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को चांदन गांव में रो-हाउस और गुडम्बा में दो व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सील कर दिये।

एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि इन्दिरा नगर के चांदन गांव में 30 बीघे में अमर अग्रवाल व अन्य द्वारा अवैध तरीके से रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी साइट पर अमर अग्रवाल द्वारा लगभग 10,000 वर्ग फीट क्षेत्रफल में तीन-तीन मंजिल के दो शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। मानचित्र स्वीकृत कराये बिना कराए जा रहे उक्त निर्माण को प्राधिकरण ने पूर्व में सील कर दिया था। इसके बाद भी स्थल पर चोरी-छुपे निर्माण करवाया जा रहा था। प्रवर्तन जोन 5 की टीम ने उक्त स्थलों को दोबारा सील कर दिया है। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि राकेश सिंह व अन्य द्वारा कुर्सी रोड स्थित गुड़म्बा चौराहा बस स्टॉप के पास लगभग 1,800 वर्ग फीट क्षेत्रफल में बेसमेंट व भूतल पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था।

राम सिंह व अन्य द्वारा गुडम्बा के अतरौली में सृष्टि अपार्टमेंट के सामने 2,500 वर्ग फीट क्षेत्रफल के एक भूखंड पर व्यावसायिक उपयोग के लिए बेसमेंट का निर्माण व 2,500 वर्ग फीट क्षेत्रफल के दूसरे भूखण्ड पर भूतल पर निर्माण करवाया जा रहा था। जोनल अधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने उक्त निर्माण सील कर दिए।



गुडम्बा में मानक विपरीत बना शॉपिंग कॉम्प्लेक्स।

# 60 हजार ड्राइविंग लाइसेंस लंबित, करना होगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ आज व कल सारथी फोर साफ्टवेयर पर नहीं हो सकेगा डीएल कार्य

**अमृत विचारः** परिवहन विभाग की उदासीनता से ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदकों करने वाले परेशान हैं। प्रक्रिया पूरी करने के दो माह बाद भी डीएल नहीं मिल पा रहा हैं।

परिवहन विभाग में 50 से 60 हजार डीएल आवेदन लंबित हैं। सारथी सॉफ्टवेयर पर मैनेजमेंट सिस्टम से मिलान नहीं हो पा रहा है। इससे स्मार्ट कार्ड में डीएल बनने के बाद आवेदक के पते पर डाक से डिलीवरी नहीं हो पा रही है। सारथी साफ्टवेयर को सुधारने का काम चलेगा, इससे 2 और 3 जून को डीएल संबंधी कार्य सारथी फोर साफ्टवेयर पर नहीं होंगे। तीन जून को जिन आवेदकों ने टाइम स्लाट लिया था, वह 4 जून को कार्य करा सकेंगे। परिवहन विभाग अपर परिवहन आयुक्त (आईटी) एके सिंह ने बताया कि 15 जून तक सभी डीएल आवेदकों के पते पर डाक से भेज दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### मेल,पैसेंजर लिंक को हटाने पर लोको पायलटों का प्रदर्शन




उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रेलवे कर्मी।

**अमृत विचार,लखनऊ :** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के बैनर तले शनिवार को लखनऊ मंडल की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ और रायबरेली लाबी के लोको पायलटों ने मेल व पैसेंजर लिंक को हटाने के विरोध में प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष आरपी राव ने कहा कि रेलवे प्रशासन की मनमानी व कर्मचारी उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मांगे नहीं न होने पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मंडल प्रशासन को 10 दिनों की मोहलत दी है। यूनियन के मंडल मंत्री अवधेश दुबे ने कहा कि लोको पायलट लॉबी का पद समाप्त करने को लेकर रेल कर्मियों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शन में लवकुश सोनकर, इरफान अंसारी, भूपेन्द्र सिंह, आईवी सिंह, अखिलेश्वर शामिल रहे।

### राहगीरों के लिए लगाया टेंट, पिलाएंगे शर्बत



सीएमओ ऑफिस के बाहर टेंट लगाकर लोगों को पानी पिलाते कर्मचारी।

**अमृत विचार,लखनऊ :** भीषण गर्मी और लू को देखते सीएमओ ऑफिस के बाहर टेंट और पंखे लगाए गए हैं। पीने के पानी के साथ मीठेऔर शर्बत की व्यवस्था भी की गई है। गर्मी से बचने के लिए लोग यहां बैठ सकेंगे। सीएमओ डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से व्यवस्था की गई है। व्यवस्था 25 जून तक रहेगी। यहां कार्यालय आने वाले लोग और राहगीर धूप से राहत पाने के लिए सुस्ता सकेंगे।

**तैयारी पूरी** मतगणना स्थल पर कराई गई व्यवस्था, जिला निर्वाचन अधिकारी ने देखे इंतजाम

# एसी कक्ष में होगी मतगणना, कर्मियों को टेबल पर मिलेगा पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की मतगणना अब एसी कक्ष में होगी। मतगणना में लगे कर्मियों को पानी, नाश्ता, खाना और चाय टेबल पर ही मिलेगा। मतगणना स्थल पर चिकित्सा कैंप, मीडिया सेंटर और कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शनिवार को रमाबाई रैली स्थल में मतगणना के इंतजाम का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया की स्ट्रांग रूम/ मतगणना स्थल की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को दिया गया है। परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही मतगणना स्थल पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। उन्होंने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी का सजीव प्रसारण देखा।



कंट्रोल रूम से मतगणना स्थल का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए विधानसभा वार सभी कक्षों की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। मतगणना वाले दिन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए परिसर में चिकित्सा कैंप, एम्बुलेंस और अग्निशमन गाड़ी की व्यवस्था भी रहेंगी।उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रोऑब्जर्वर, एक मतगणना सहायक, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेगा। साथ ही प्रत्याशी की ओर से नियुक्त मतगणना अभिकर्ता भी रहेगा। उन्होंने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी और अन्य मौजूद रहे।

## ईवीएम की मतगणना के बाद होगा वीवीपैट की पर्चियों का मिलान

**अमृत विचार, लखनऊः** ईवीएम की मतगणना के बाद वीवीपैट की पर्चियों का मिलान किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच वीवीपैट मशीनों का औचक चयन कर गणना की जाएगी और मिलान भी होगा।

▶▶ प्रत्येक विधानसभाक्षेत्र में पांच वीवीपैट मशीनों का चयन कर की जाएगी गणना

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने दोनों लोकसभा और पूर्वी विधानसभा क्षेत्र उपनिर्वाचन की मतगणना को लेकर बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 4 जून की सुबह 6 बजे मतगणना में लगे कर्मी रमाबाई स्थल पहुंच जाएंगे। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएमएस की गणना भी साथ ही होगी। कोई भी मतगणना अभिकर्ता या मतगणना कर्मी मोबाइल या कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अपने साथ अंदर नहीं ले जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी की टेबल पर कैलकुलेटर भी रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना अभिकर्ता अपने पास के अनुसार निर्धारित विधानसभा एवं टेबल के आवंटन के आधार पर ही बैठेंगे। जो अभिकर्ता जिस टेबल पर होगा उसको अपनी टेबल छोड़कर दूसरे की टेबल या इधर-उधर टहलने की अनुमति नहीं होगी। केवल प्रत्याशी और उनके चुनावी अभिकर्ता ही अपनी लोकसभा की दूसरी टेबलों पर जा सकेंगे। प्रत्याशी या उनके चुनावी अभिकर्ता में से एक ही मतगणना कक्ष में उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक विधानसभा में पांच वीवीपैट मशीनों का औचक चयन किया जाएगा। उनकी गणना करके मिलान किया जाएगा। उक्त कार्य मतगणना समाप्त होने के बाद होगा। जिन कंट्रोल यूनिट को मॉक पोल के बाद भूलवश क्लियर नहीं किया गया था तो ऐसे कंट्रोल यूनिट की गणना नहीं की जाएगी बल्कि उनके वीवीपैट की गणना होगी।

उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान 9:30 से 10 बजे तक टी ब्रेक और 12:30 से 1 बजे तक लंच ब्रेक होगा। इस समय प्रत्यशी अपने मतगणना अभिकर्ताओं को चाय या भोजन भिजवा सकते हैं। कंट्रोल यूनिट की गणना होने के बाद उसको एईआरओ टेबल के पीछे लगी टेबल पर सील करने के लिए दे दिया जाएगा। सीलिंग के बाद इन कंट्रोल यूनिट को अलग स्थान पर रखा जाएगा।

## एक नजर

### ट्रेनों में चोरी करने वाले को जीआरपी ने पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी ने चारबाग स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। चोर को रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बने ट्यूबवेल के पीछे से पकड़ा गया। पूछताछ में अभियुक्त अपना नाम विष्णु सोनकर निवासी मोलवीगंज अमीनाबाद बताया। जीआरपी प्रभारी संजय खरवार ने बताया कि अभियुक्त ट्रेनों में यात्रियों के सो जाने पर मोबाइल, ज्वेलरी व अन्य सामान चोरी करता है। आरोपी के पास से एक मोबाइल बरामद हुआ है।

### चोरी करते एक को रंगेहाथ पकड़ा, साथी फरार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर क्षेत्र में शनिवार को बिजली का तार चोरी कर रहे एक आरोपी को चौकीदार ने पकड़ लिया जबकि दूसरा भाग निकला। पुलिस के मुताबिक, प्रतापगढ़ जिले के उदयपुर निवासी रमाकांत द्विवेदी बिजनौर के सरवन नगर स्थित लक्ष्य सोसाइटी एंक्लेव में मुंशी हैं। शनिवार दोपहर 3 बजे सोसाइटी में घुसकर दो चोर तीन मकानों से बिजली का तार निकाल रहे थे। नजर पड़ते ही मजदूर सोनी और चौकीदार ओमकार ने दोनों को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन एक आरोपी भाग निकला। पकड़े गये युवक को लोगों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में युवक की पहचान बिजनौर के मुल्लाही खेड़ा निवासी अंकित गौतम के रूप में हुई।

### टेंटकर्मी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव पुलिस ने टेंट हाउस के कर्मचारी की हत्या में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ टेंट हाउस कर्मचारी की मां ने मामला दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्र ने बताया कि 4 अप्रैल की रात दाउदनगर निवासी अवनीश शर्मा (19) को उसका दोस्त वायु बर्थडे पार्टी के लिए बुलाया कर ले गया था। अवनीश के घर नहीं लौटने पर मां लक्ष्मी उसे तलाश रही थी। वहीं, 5 अप्रैल को टेंट कर्मी अवनीश का शव का मिला था। इंस्पेक्टर ने बताया कि शनिवार को आईआईएम रोड निवासी आकाश यादव को गिरफ्तार किया गया है।

### महिला दो बच्चों को लेकर प्रेमी के साथ फरार

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा क्षेत्र निवासी महिला अपने दो बच्चों और नकदी लेकर प्रेमी के साथ भाग निकली। क्षेत्र निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को प्रार्थना–पत्र दिया। बताया झोपड़ी से सुबह करीब साढ़े पांच बजे पत्नी अपने प्रेमी राजू निवासी मोमनाबाद मस्जिद हरदोई के साथ फरार हो गई। पत्नी दो बच्चों के साथ 5 हजार रुपये, मोबाइल और घरेलू सामान भी ले गई है।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली, घायल

संवाददाता लखनऊ/ठाकुरगंज

- ठाकुरगंज के बरी बरौनी गांव में देर रात हुई मुठभेड़
- शुक्रवार शाम को हरिनगर इलाके में महिला से की थी लूट


मौके से बरामद तमंचा।


घायल हिस्ट्रीशीटर को सहारा देकर ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के बरी बरौनी गांव में शनिवार देर रात 11 बजे पुलिस और बदमाश की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर बबलू उर्फ कलीम के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। कलीम ने एक दिन पहले ही हरिनगर इलाके में महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

डीसीपी पश्चिम डॉ.दुर्गेश कुमार के मुताबिक, शुक्रवार को ठाकुरगंज के हरिनगर में एक महिला से चेन लूट ली गई थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसमें बबलू उर्फ कलीम की तस्वीर मिली। पुलिस ने तलाश शुरू की। शनिवार देर रात करीब 10 बजे उसकी लोकेशन बरी बरौनी गांव के पास मिली। ठाकुरगंज के इंस्पेक्टर श्रीकांत राय व डीसीपी की क्राइम टीम ने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग करनी शुरू की। रात करीब 10.30 बजे स्कूटी से कलीम आता दिखा। पुलिस की सख्ती देखकर वह स्कूटी मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया। इस पर कलीम ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली कलीम के पैर में लगी। वह घायल हो गया।

**इंदिरानगर का है हिस्टीशीटर :** एसीपी चौक राजकुमार सिंह ने बताया कि बबलू उर्फ कलीम बमरौली दुबग्गा का रहने वाला है। वह इंदिरानगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कुल 18 मामले दर्ज है। इसमें एक हत्या का भी मामला है। वहीं, 9 लूट और आठ मामले हत्या के प्रयास के हैं। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। शुक्रवार को कलीम ने हरिनगर इलाके में महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया। फुटेज में उसकी तस्वीर मिलने के बाद इलाके में तलाश तेज कर दी गई। शनिवार देर रात को मुठभेड़ में पकड़ा गया है। उसके पास से लूट का झाला, एक तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस व स्कूटी बारमद की गई है।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा वांछित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजधानी के इंदिरानगर क्षेत्र से किया गया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** विगत छह वर्ष से फरार चल रहा 50 हजार के इनामी अपराधी देवेंद्र प्रताप सिंह को शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। देवेंद्र प्रताप के खिलाफ अयोध्या, झांसी, उन्नाव, मैनपुरी, गाजियाबाद सहित कई जिलों के थानों में मुकदमें पंजीकृत है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि देवेंद्र ने अयोध्या में 2011 में प्रॉपर्टी और हॉस्टल का काम करना शुरू किया था और यहीं उसकी मुलाकात पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता सूरजभान सिंह एवं राम कुमार से हुई। देवेन्द्र ने दोनों के साथ मिलकर पीडब्ल्यूडी में सड़क की ठेकेदारी का काम कमीशन के आधार पर करना शुरू किया। इस ठेकेदारी में हुए घपलों के कारण देवेन्द्र पर झांसी, उन्नाव एवं मैनपुरी में प्राथमिकी दर्ज हुई। जिसमें उसे जेल जाना पड़ा। छूट कर आने पर 2016 में देवेन्द्र प्रताप द्वारा अयोध्या में शराब के ठेके पर सेल्समैन के साथ लूट को अंजाम दिया गया। गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नंबर डिस्प्ले करके गाजियाबाद के लोगों से रंगदारी वसूलने के आरोप में भी मुकदमा दर्ज हुआ। इसी अभियोग में अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह लगभग 6 वर्षों से फरार चल रहा था।

# ट्रेडिंग का झांसा देकर दो से ठगे 60.15 लाख रुपये

## जेडआईओपीटीओ ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर बिट क्वाइन ट्रेडिंग की दी थी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंस्टाग्राम पर विज्ञापन के जरिए लिंक भेजकर ट्रेडिंग कराने का दिया था झांसा

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने दो लोगों से बिट क्वाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 60,15,000 रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव के मुताबिक प्रार्थना पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

इंदिरानगर के हरिहरनगर स्थित संतपुरम किशोरी लाल चौराहा के पास रहने वाले अपूर्व श्रीवास्तव ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी। पुलिस के मुताबिक साइबर जालसाजों ने 9 अप्रैल से 15 मई के बीच में 43 लाख रुपये की ठगी की है। साइबर ठगों ने 11 मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। इसके माध्यम से जेडआईओपीटीओ ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर विटक्वाइन ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी। कहा कि विटक्वाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा होगा। इसके बाद पीएनबी, जन स्माल फाइनेंस बैंक, आरबीएल, एसबीआई, आईडीएफसी, केनरा बैंक के खातों में 43 लाख रुपये जमा कराए।

### दिखाया दो करोड़ का मुनाफा, फ्रीज कर दिया खाता

अपूर्व ने बताया कि उनके द्वारा की गई ट्रेडिंग पर दो करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा हुआ। इस मुनाफे को जब खाते से निकालने का प्रयास किया तो असफल हो गए। जानकारी की तो सामने आया कि मुनाफा खाते में तो दिखा रहा है। पर, जालसाजों ने खाता ही फ्रीज कर दिया है। सात दिन बाद SUPPORT@ ZIOPTO. COM से मेल भेजकर खाते का सत्यापन कराने को कहा। सत्यापन के लिए 830000 रुपये की मांग की। जब रकम देने से मना किया तो व्हाट्सएप ग्रुप और उससे जुड़े सारे मोबाइल बंद कर दिए।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 17 लाख ठगे

इसी तरह साइबर ठगों ने आवास विकास कालोनी राजाजीपुरम निवासी मोहित कुमार को शेयर मार्केट में निवेश कराने पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। उनसे 17 .15 लाख रुपये निवेश कराए। जालसाजों ने इंस्टाग्राम के पर विज्ञापन से लिंक भेजा। वहीं, व्हाट्सएप पर राम इन्वेशमेंट एकेडमी नाम के ग्रुप से जोड़ा। इसमें सहायिका के तौर पर एमिया करन ने ऑन लाइन स्टॉक ट्रेडिंग और आईपीओ की खरीद ओर बेच पर 500 प्रतिशत मुनाफा 8 सप्ताह में कराने का वादा किया। मोहित ने पुलिस को बताया कि ऑललाइन क्लास करने के बाद उसने 17 .15 लाख रुपये निवेश किया। लेकिन रकम जमा कराने के बाद ग्रुप के सभी सदस्यों ने संपर्क तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना बृजेश यादव के मुताबिक जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### एटीएम कार्ड बदल टप्पेबाजों ने पार किये रुपये

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर में टप्पेबाजों ने महिला का एटीएम कार्ड बदल कर रुपये पार कर दिये। घर पहुंची महिला के मोबाइल पर बैंक का मैसेज आया तब उसे धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस के मुताबिक, अवध विहार कॉलोनी निवासी अनीता ने प्रार्थना–पत्र दिया। बताया 29 मई की रात करीब 9 बजे एयरपोर्ट चौराहे के पास एटीएम में नये कार्ड का पासवर्ड जनरेट कर रुपये निकालने गईं थी। जहां पहले से ही तीन युवक खड़े थे। अनीता एटीएम मशीन में कार्ड एंट्री कर पैसे निकालकर घर पहुंची। वहां पता चला कि उसके हाथ में जो एटीएम कार्ड है वह नितिका मिश्रा के नाम से है। इसी बीच उसक मोबाइल पर बैंक का मैसेज आया, जिसमें उसके खाते से 21,900 रुपये निकाले जाने का पता चला। पीड़िता ने तीनों युवकों पर संदेह जताया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# शराब पिलाने से मना किया तो युवक को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर कोतवाली में कबाड़ बेचने वाले राजकुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि उसने शानू नाम के युवक को शराब पिलाने से मना कर दिया। इस पर नाराज होकर शानू ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक राकुमार अकबरनगर में रहता है। राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 5 बजे वह कबाड़ लेकर एक दुकान पर गया था। उसके मोहल्ले का शानू पहले से मौजूद था। शानू ने राजकुमार से शराब पिलाने के लिए कहा। मना किया तो रुपये मांगे। राजकुमार ने रुपये नहीं दिए। इससे नाराज होकर शानू ने राजकुमार पर हमला कर दिया।

# लेखपाल ने साथियों के साथ युवती से की छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साथियों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उन्हें भी पीटा
- विभूतिखंड थाना क्षेत्र के डीएलएफ के सामने की घटना

**अमृत विचार :** विभूतिखंड क्षेत्र में दोस्तों के साथ कार में बैठी युवती के साथ लेखपाल और उसके दोस्तों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर युवती को कार से घसीटकर पीट दिया। युवती के दोस्तों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। पीड़िता ने पुलिस को काल की तो आरोपी भाग निकले। उधर, विश्वासखंड स्थित एलडीए मार्केट में काम करने वाली युवती ने दो लोगों पर नशे में छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक, सीतापुर निवासी युवती लखनऊ में रह कर पढ़ाई करती है। गुरुवार को युवती अपने दोस्तों के साथ विभूतिखंड डीएलएफ के सामने कार में बैठी हुई थी। तभी वरुण निगम, लेखपाल विक्की वर्मा, आकर्षित श्रीवास्तव और एकाग्र गुप्ता ने कार का दरवाजा खटखटाया। युवती के गेट खोलने पर आरोपी छेड़छाड़ करने लगे। युवती व उसके दोस्तों ने विरोध किया। इस पर आरोपियों ने युवती को कार से घसीट कर पीटना शुरू कर दिया। युवती को बचाने का प्रयास करने पर दोस्तों को भी पीट दिया। अपार्टमेंट के बाहर विवाद होते देख राहगीर जुटने लगे। इस बीच युवती ने मौका पाकर पुलिस कंट्रोल रूम पर काल कर दी, तो आरोपी भाग निकले।

### युवती से छेड़छाड़, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

एलडीए मार्केट में काम करने वाली युवती गुरुवार को ऑफिस से घर लौट रही थी। रास्ते में विभू और डब्लू ने युवती पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगे। युवती ने फोन कर सहकर्मियों को मदद के लिए बुलाया। तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। व्यापारियों ने दोनों को घेरा तो धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पहले भी उससे अभद्रता कर चुके हैं। जिसकी शिकायत जनुसनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि युवती के प्रार्थना–पत्र पर मारपीट और छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# सिलेंडर में लीकेज से तीन मंजिला मकान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किरायेदारों ने मकान से बाहर भाग कर बचाई जान
- इंदिरानगर क्षेत्र की घटना दमकल कर्मियों ने पाया काबू



**अमृत विचार :** इंदिरानगर क्षेत्र में शनिवार को तीन मंजिला मकान के किचन में गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई। किरायेदारों ने बाहर भाग कर जान बचाई। जबकि आग पर काबू पाने के प्रयास में मकान मालिक झुलस गया। दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

सीएफओ मंगेश कुमार के मुताबिक, क्षेत्र के सेक्टर 17 में सुभाष चंद्र शुक्ला का तीन मंजिला मकान है। उसमें कई किरायेदार भी रहते हैं। बताया मनीषा नाम की महिला ने फोन कर सुभाष के मकान में आग लगने की सूचना दी थी। आनन-फानन एफएसओ इंदिरानगर शत्रुघन दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग मकान की पहली मंजिल के किचन में गैस सिलेंडर में लीकेज से लगी थी। दमकल कर्मियों ने एक तरफ से एग्जास्टर लगाकर घर में भरा धुआं निकाला और दूसरी तरफ से आग पर काबू पाया। एफएसओ ने बताया कि तीन कमरे व किचन में रखा सारा सामान जल चुका था। आग लगने पर अंदर मौजूद किराएदार मुतफीक, रितेश, अर्जुन समेत अन्य लोगों ने बाहर भागकर जान बचाई थी। जबकि आग बुझाने के प्रयास में मकान मालिक सुभाष चंद्र मामूली रूप से झुलस गये।

### शार्ट सर्किट से गैस चूल्हे की दुकान में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर क्षेत्र अंतर्गत प्रकाश लोक 162 निवासी राजेश श्रीवास्तव की गैस चूल्हे की दुकान है। शनिवार रात करीब 9 .45 बजे दुकान में आग लग गई। राजेश ने आनन–फानन दमकल को सूचना देकर लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। तब तक दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गये। दमकल कर्मियों ने दो टैंकर पानी से आग पर काबू पा लिया। घटना में जनहानि की सूचना नहीं है। जबकि काफी सामान जलकर खाक हो गया। दुकान मालिक ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर इंजीनियर से ढाई लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नियुक्ति कराने का दावा करते हुए थमाया फर्जी नियुक्ति पत्र
- जानकीपुरम कोतवाली में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** जानकीपुरम कोतवाली में मैकेनिकल इंजीनियर से नौकरी लगवाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपये हड़प लिये। आरोपी ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट में नियुक्ति कराने का दावा करते हुए फर्जी नियुक्ति पत्र दिया था। पुलिस ने आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

बीकेटी थाना अंतर्गत कोटवा निवासी मनीष सिंह मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद नौकरी खोज रहे थे। वर्ष 2021 में सेवायोजन पोर्टल से सहायक अभियंता पद के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान मनीष की मुलाकात इटावा लिडैंयापुरा निवासी धर्मवीर सिंह से केजीएमयू में हुई।

धर्मवीर ने मनीष को बताया कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के लिए मैकेनिकल इंजीनियर की जरूरत है। तुम चाहो तो बात कर लूं। झांसे में लेकर धर्मवीर ने मनीष से ढाई लाख रुपये ठग लिए और बताया कि उसका चयन हो गया है। जल्द ही ज्वाइनिंग लेटर आ जाएगा।

मार्च 2022 में धर्मवीर ने ज्वाइनिंग लेटर देकर प्रोजेक्ट के झांसी स्थित दफ्तर में नियुक्ति होने का दावा किया। धर्मवीर ने कुछ दिन बाद ज्वाइन करने के लिए कहा। फिर फोन उठाना बंद कर दिया। शक होने पर पीड़ित ने ज्वाइनिंग लेटर चेक कराया तो फर्जी होने की जानकारी हुई। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ित ने डिप्टी सीएम कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया। तब जानकीपुरम पुलिस ने मामला दर्ज किया।

# कार की टक्कर से चाचा की मौत भतीजा घायल

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा की मौत हो गयी और भतीजा घायल हो गया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक, शनिवार सुबह ग्राम बरकताबाद निवासी पंकज सिंह उर्फ भूरे सिंह (40) बाइक पर चाचा शीलवान सिंह उर्फ शीलू सिंह (54) के साथ लखनऊ से बेहटा नरायनपुर रोड होकर घर आ रहे थे। नरायनपुर रोड पर अनियंत्रित कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में चाचा- भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को लोकबंधु अस्पताल ले गये। जहां पर डॉक्टर ने चाचा को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया परिजन ने अभी प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है।

# मोबाइल छीन चलती कार से युवक को बाहर फेंका

संवाददाता, मलिहाबाद

- मलिहाबाद क्षेत्र का मामला हरदोई निवासी है पीड़ित

**अमृत विचार :** मलिहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार को लिफ्ट देकर कार सवारों ने रास्ते में युवक का मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक को चलती कार से बाहर फेंक दिया। युवक ने थाना पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह के मुताबिक, हरदोई जनपद के संडीला कस्बा के मन्नान कोठी निवासी ललित कुमार गुप्ता शुक्रवार शाम 4 बजे किसी काम से चौक गये थे। देर शाम करीब 7 बजे दुबग्गा चौराहा से कार नंबर यूपी 30, सीटी 6768 में लिफ्ट लेकर घर लौट रहे थे। ललित का आरोप है कि मलिहाबाद स्थित आम्रपाली वाटरपार्क के पास कार में सवार एक युवक ने उनका मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर आरोपी ललित को चलती कार से बाहर फेंक भाग निकले। गिरने से उसे काफी चोटें आईं।

पीड़ित ने एक राहगीर का मोबाइल फोन लेकर डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शनिवार को थाने पर बुलाया था। पीड़ित का आरोप है कि सुबह वह थाने पहुंचा तो पुलिसकर्मियों ने कार का गलत नंबर बताते हुए बिना रिपोर्ट दर्ज किये उसे टरका दिया। इंस्पेक्टर ने बताया सुनवाई नहीं करने का आरोप निराधार है। मामले की जांच के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# शिया पीजी कॉलेज में प्रोफेसर पर जानलेवा हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया पीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर पर कार सवारों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह के मुताबिक, डॉ. अजय बीर सिंह शिया पीजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने दिये प्रार्थना-पत्र में बताया 31 मई को सुबह मीटिंग को लेकर वे गेट पर व्यवस्थाएं देख रहे थे। इसी दौरान गार्ड ने गाड़ी नंबर यूपी-32 एनसी 5649 जो कि बीच में खड़ी थी, साइड में लगाने के लिये चालक से कहा। कार सवार गार्ड की बात को अनसुना कर रहे थे। इस बीच प्रोफेसर भी कार सवारों के पास पहुंच किनारे करने को कहने लगे। उनका आरोप है कि कार सवार तरुण सिंह और प्रखर सिंह ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

## सार-संक्षेप


पुलिस सहायता केंद्र का लोकार्पण करते डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर साथ में मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### डीसीपी ने पुलिस सहायता केंद्र का किया लोकार्पण

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत सीतापुर–लखनऊ हाइवे पर इंदौराबाग मोड़ के पास शनिवार को डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने नव निर्मित पुलिस सहायता केंद्र का लोकार्पण किया। इससे पहले प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने हवन– पूजन किया । एडीसीपी हेडक्वार्टर राघवेंद्र सिंह, एसीपी सुजीत कुमार दुबे, प्रभारी निरीक्षक इटौंजा, प्रभारी निरीक्षक जानकीपुरम समेत अन्य रहे।

### फरार बदमाश गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट पुलिस ने शुक्रवार तड़के हुए मुठभेड़ में फरार बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में कृष्णानगर का गैंगस्टर राकेश उर्फ छोटू को पकड़ा गया था। जबकि उसका साथी रामजीत पाल भाग निकला था। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जिम संचालक अर्पित के घर लूट की साजिश रचने वाले राकेश सिंह उर्फ छोटू को मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया था। पुलिस टीम पर राकेश के साथ दुबग्गा बसंतकुंज निवासी रामजीत पाल ने भी फायरिंग की थी। जो मौके से भाग निकला था। इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से रामजीत को लौलाई के पास से पकड़ा गया। बदमाश के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।

### नावेल्टी सिनेमा हॉल में वकीलों का हंगामा

**अमृत विचार :** कैसरबाग इलाके में स्थित नावेल्टी सिनेमा हॉल में घुसे वकीलों ने हंगामा किया। सुरक्षाकर्मियों ने मना किया तो उनसे मारपीट की। लालबाग स्थित नावेल्टी सिनेमा हॉल का संचालन एमजीएस ग्रुप करता है। इसके महाप्रबंधक संजय कुमार हैं। संजय के मुताबिक 27 मई को वह ऑफिस में नहीं थे। रात करीब 8 .30 बजे अधिवक्ता की ड्रेस पहले दो लोग सिनेमा हॉल पहुंचे। सुरक्षाकर्मी से उन्होंने संजय से मिलने की बात कही। सुरक्षा कर्मियों ने संजय के कार्यालय में नहीं होने की जानकारी दी। जिस पर सुरक्षाकर्मी को धक्का देते अंदर चले गए। विरोध करने पर आरोपियों ने सुरक्षाकर्मी अमित की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पर महिला कर्मी के साथ अभद्रता करते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह के मुताबिक महाप्रबंधक ने अखिल प्रताप और योगेश के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। जिसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### हमला कर 50 हजार लूटने का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा क्षेत्र स्कार्पियो सवार और ड्राइवर पर चार लोगों ने हमला कर पीट दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर 50 हजार रुपये लूट ले गये। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। माल क्षेत्र के गोपरामऊ निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने दुबग्गा थाने में प्रार्थना–पत्र दिया। बताया वह अपनी स्कॉर्पिया से दुबग्गा गये थे। वह जेहटा पेट्रोल पंप के पास कार खड़ी कर बैठे थे। इसी दौरान गोपरामऊ निवासी पड़ोसी तीन अज्ञात लोगों के साथ कार से पहुंचे और धर्मेन्द्र से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो लाठी डंडों से धर्मेंद्र और उनके ड्राइवर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में स्कार्पियो का शीशा टूट गया । धर्मेंद्र का आरोप है कि हमलावर 50 हजार रुपये लूट कर भाग गये। जबकि मारपीट में धर्मेंद्र और उनका ड्राइवर घायल हो गया।

**खुलासा** पूर्व नौकर ने साथियों के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम, तीन की तलाश जारी

# पांच बदमाशों ने व्यापारी से की थी डकैती, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुलिस की गिरफ्त में डकैती के दो आरोपी। अमृत विचार

- वजीरगंज पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम ने की डकैतों की पहचान

**अमृत विचार :** वजीरगंज क्षेत्र में व्यापारी की स्कूटी को टक्कर मारकर डकैती करने वाले दो डकैतों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि फरार तीन डकैतों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। व्यापारी के यहां पहले काम करने वाले नौकर ने साथियों के साथ मिलकर वारदात अंजाम दी थी। डकैतों के कब्जे से 1.22 लाख रुपये व स्कूटी बरामद की गई है। डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार ने वारदात का खुलासा किया।

डीसीपी के मुताबिक, गिरफ्तार किये गये डकैतों की पहचान रकाबगंज निवासी गोपाल द्विवेदी और मड़ियांव निवासी नवीन बाजपेयी के रूप में हुई है। बताया आरोपी गोपाल पहले व्यापारी कृष्णगोपाल के यहां काम करते था। उसे इस बात की पूरी जानकारी थी कि कृष्ण गोपाल कब रकम लेकर निकलते हैं। नौकरी छोड़ने के बाद नवीन के साथ मिलकर लूट की साजिश रची। इसी के चलते 27 मई को कृष्णगोपाल दुकान बंद कर रात करीब 11 बजे भाई के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। रास्ते में ललिता शास्त्री स्कूल के पास गोपाल ने चार साथियों के साथ मिलकर स्कूटी में टक्कर मारकर गिरा दिया। साढ़े तीन लाख रुपये लूटकर भाग निकले। घटना के दौरान गोपाल का पांचवां साथी आने-जाने वालों पर नजर रख रहा था। आरोपी नवीन ने बताया कि घटना को अंजाम देने से पहले अन्य तीन साथियों के साथ अलीगंज से स्कूटी चोरी की। उसी स्कूटी के साथ गोपाल व उसने लूट की।

# किसान और युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

सरोजनीनगर/आलमबाग

- सरोजनीनगर और आशियाना थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार :** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में किसान और युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने आरोप से इंकार करते हुये आत्महत्या का कारण पता होने से मना किया है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक अमौसी गांव निवासी किसान संजू राजपूत उर्फ संजू लोधी (22) पिता पच्चू लाल लोधी के साथ रहता था। पच्चू लाल शुक्रवार सुबह खेत पर गये थे। इसी दौरान संजू ने घर के पीछे जामुन के पेड़ पर साड़ी से फंदा लगा लिया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे पिता ने फंदा काटा संजू को नीचे उतार लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पिता ने संजू को शराब का लती बताते हुये नशे की हालत में यह कदम उठाने की बात कही है।

## एक नजर

### रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 5 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की देखरेख में अंडर -19 रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 5 जून से खेली जाएगी। सीएएल के सचिव केएम खान के अनुसार, इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए टीमें 2 जून तक अपनी टीमों की एंट्री भेज सकती हैं। जिन टीमों पर धनराशि बकाया है, उन्हें भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रतियोगिता की एंट्री फीस 10 हजार रुपये निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में विजेताओं को सार एकेडमी की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा।

### नाटक दि ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी ने खूब हंसाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवा उत्थान समिति ने शनिवार को संगीत नाटक आकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में हास्य नाटक दि ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी का मंचन किया। दिनेश भारती द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन राजा अवस्थी ने किया। नाटक दि ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी का नायक राजा मास्टर पेशे से दर्जी है। उसे यह गलतफहमी हो जाती है कि दर्जी के काम से बेहतर तो रंगमंच का काम है। वह जो भी कदम उठाता है, वह उल्टा पड़ जाता है। राजा मास्टर कान पकड़कर रंगमंच के काम से तौबा कर लेता है। नाटक में अम्बरीश बॉबी, अनुराग शुक्ला, योगेश शुक्ला ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

### करंट की चपेट में आया बिजली कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन के क्लाइड रोड के बालू अड्डे पर शनिवार को एबीसी लाइन ठीक करते समय संविदाकर्मी करंट की चपेट में आ गया। सिविल अस्पताल में उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। बताया जाता है कि फाल्ट की सूचना पर विभाग की ओर से लाइनमैन को मरम्मत के लिए भेजे गया था। एबीसी पर काम करते वक्त वह करंट की चपेट में आ गया। वह नीचे गिरकर घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत में सुधार है।

# राज्य स्तरीय यूथ एथलेटिक्स मीट आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 12 स्पर्धाओं में प्रदेश भर के 500 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**अमृत विचार :** यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन की देखरेख में राज्य स्तरीय यूथ एथलेटिक्स मीट (अंडर-18) कानपुर रोड स्थित साई सेंटर में आयोजित की जाएगी। इस एक दिवसीय मीट की 12 स्पर्धाओं में प्रदेश भर से 500 खिलाड़ी पदकों के लिए जोर आजमाइश करेंगे।

पहली बार इस मीट में हेप्टाथलॉन स्पर्धा को शामिल किया गया है।

आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार मीट को गर्मी के प्रभाव से बचाने के लिए सुबह 5 से 10 बजे और शाम को 4 से 7 बजे तक स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। अधिकतर एथलीटों ने शाम शनिवार तक पंजीकरण करा लिया था।

# कबड्डी लीग में दम दिखाने को तैयार प्रदेश भर के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग 11 जुलाई से

▸▸ 10 को नोएडा के एक होटल में होगी नीलामी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग को लेकर प्रदेश भर के स्टेडियमों में कबड्डी खिलाड़ी तैयारी में जुटे हैं। वे फिटनेस से लेकर स्किल पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। जल्द ही इन खिलाड़ियों की नीलामी की जाएगी। नीलामी के बाद इन खिलाड़ियों को विभिन्न टीमों में जगह दी जाएगी।

कबड्डी एसोसिएशन के अनुसार, प्रो कबड्डी लीग के बाद ये खेल तेजी से लोकप्रिय हुआ है। पिछले वर्ष लखनऊ के साथ प्रदेश के विभिन्न शहरों में कबड्डी लीग आयोजित की गई थी।

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग का प्रथम संस्करण आयोजित किए जाने से सभी खिलाड़ी बेहद उत्साहित हैं। लीग के सभी मुकाबले नोएडा सेक्टर-21 स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह लीग 11 से 25 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इस लीग में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें अवध रामदूत, कांशी किंग्स, ब्रीज स्टार्स, संगम चैलेंजर्स, अयोध्या वॉरियर्स, गंगा किंग ऑफ मिर्जापुर, यमुना योद्धा, नोएडा निंजा की टीमें खेलेंगी। खिलाड़ियों की नीलामी 10 जून को नोएडा में की जाएगी। खिलाड़ियों ने बताया कि प्रो कबड्डी लीग में प्रदेश के गिने-चुने खिलाड़ियों को मौका मिल पाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग में बहुत से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलेगा।

> लीग के लिए लखनऊ के खिलाड़ियों की सूची मांगी गई थी, उसे प्रेषित किया जा चुका है। लीग के आयोजन से खिलाड़ियों को अधिक मुकाबले खेलने को मिलेंगे जो उनके लिए बेहतर साबित होंगे।
>
> -शराफत अली, संयुक्त सचिव, लखनऊ कबड्डी एसोसिएशन

नीलामी के लिए उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ ने सभी जिले से खिलाड़ियों को बायोडाटा मांगा है। सभी जिलों से कम से कम पांच खिलाड़ियों के नाम मांगे गए हैं, जो नीलामी के लिए संघ के पदाधिकारियों को सौंपे जा चुके हैं।

कबड्डी लीग से पहले इसके प्रचार-प्रसार की तैयारी की गई है। इसमें विजेता टीम को दी जाने वाली ट्रॉफी को प्रदेश के 20 शहरों में प्रदर्शित किए जाने की तैयारी है।

# लक्ष्य को हराकर वीर ने दर्ज की खिताबी जीत

## जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट : होप्स बालिका एकल में वैष्णवी और आद्या फाइनल में पहुंची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


मुकाबले में जीत के लिए जोरआजमाइश करतीं खुशी और वैष्णवी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वीर वाल्मीकि ने रोमांचक मुकाबले में लक्ष्य कुमार को चार सेटों में हराकर खिताबी जीत दर्ज की। जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट के कैडेट बालक एकल (अंडर-13) में वीर ने शानदार खेल दिखाया। यूपी टेबल टेनिस कॉम्पलेक्स में शनिवार को शुरू हुए मुकाबले के पहले दिन छह वर्गों के फाइनल मुकाबलों की तस्वीर साफ हो गई।

प्रतियोगिता में आज वीर और लक्ष्य के बीच कांटे का मुकाबला खेला गया। वीर के पहला सेट 11-5 से जीतने के बाद लक्ष्य ने दूसरा सेट 11-4 से अपने नाम करते हुए वापसी की। लेकिन वीर ने तीसरे और चौथे सेट में दमदार खेल दिखाया। उन्होंने यह दोनों सेट 11-8, 11-7 से जीते।

आज होप्स बालिका एकल (अंडर-11) के पहले सेमीफाइनल में वर्तिका सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। वर्तिका ने वैष्णवी वर्मा को 11-4, 11-7, 11-8 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला आद्या से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में आद्या ने रितिका को 11-8, 8-11, 11-8, 11-6 से पराजित कर फाइनल का टिकट हासिल किया। होप्स बालक एकल वर्ग में लक्ष्य कुमार ने कबीर को 11-5, 11-8, 11-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबाल अर्पित से होगा। अर्पित ने प्रनीत को 11-7, 11-6, 11-8 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

▸▸ होप्स बालक एकल में लक्ष्य ने कबीर को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**गर्मी के बावजूद उत्साहित दिखे खिलाड़ी :** गर्मी के बावजूद जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप पर खिलाड़ी बेहद उत्साहित दिखे। बालक एवं बालिका के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में तकरीबन 250 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन सचिव अमित सिंह ने बताया कि यह पहला मौका है जब जिला स्तर पर इतने अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। इसके पहले इस प्रतियोगिता में तकरीबन 100 खिलाड़ी ही पहुंचे। उन्होंने बताया कि गर्मी के बावजूद खिलाड़ी बेहद उत्साहित दिखे। दो फ्लोर वाले कॉम्प्लेक्स में नौ टेबल पर आज मुकाबले खेले गए। यहां प्रदर्शन के आधार पर लखनऊ टीम का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

### सेमीफाइनल मुकाबलों के परिणाम

▸▸ कैडेट बालिका एकल (अंडर-13)

साक्षी और इशना में होगी खिताबी भिड़ंत

साक्षी ने आद्या गोयल को 11-8, 11-6, 11-6 से हराया

इशना अग्रवाल ने वर्तिका सिंह को 11-7, 11-4, 11-7 से हराया

▸▸ सब जूनियर बालिका एकल (अंडर-15)

साक्षी और स्वाति में होगी खिताबी भिड़ंत

साक्षी ने इशना अग्रवाल ने 11-8, 9-11, 11-7, 11-7 से हराय

स्वाति चंद्रा ने कामाख्या को 11-6, 11-8, 11-9 से हराया

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# बारिश के इंतजार में फुटबॉल खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 30 से अधिक टीमें लेंगी फुटबॉल लीग में हिस्सा

▸▸ मैदानों में उड़ती धूल के चलते प्रभावित हो रहा अभ्यास

**अमृत विचार :** शहर में फुटबॉल खिलाड़ी भी बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के बाद ही राजधानी में फुटबॉल खिलाड़ी अभ्यास शुरू कर सकेंगे। साथ ही जिला फुटबॉल लीग की तारीख फाइनल की जा सकेगी।

फुटबाल खिलाड़ियों के अनुसार, बारिश ना होने की वजह से सूख चुके मैदानों उड़ती धूल के चलते टीमें अभ्यास नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने बताया कि फुटबॉल लीग को लेकर वे एक महीने पहले से अभ्यास शुरू कर देते हैं।

जिला फुटबाल लीग के आयोजन से जुड़े सदस्यों के अनुसार, इस लीग का खिलाड़ी वर्ष भर इंतजार करते हैं। यहां के दिग्गज खिलाड़ी भी इस लीग में खेलते दिखाई पड़ते हैं। चौक स्टेडियम में इस लीग के मुकाबले खेले जाते हैं। लेकिन इस समय वहां धूल उड़ रही है। राजधानी के अन्य मैदानों का भी कुछ ऐसा ही हाल हैं। शहर में एक-दो दिन की बारिश के बाद ही मैदानों की हालत बेहतर हो सकेगी और खिलाड़ी अभ्यास कर सकेंगे।

जिला फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल ने बताया कि जिला फुटबाल लीग जुलाई में आयोजित की जाएगी। इसमें 30 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। अभी तक इस लीग की तारीख फाइनल नहीं हो सकी है। बारिश के बाद ही फैसला लिया जाएगा। लीग के आयोजन से पूर्व टीमों को तैयारी का पर्याप्त समय दिया जाएगा।


ट्रॉफी के साथ विजेता देवांश। अमृत विचार

# नोएडा के देवांश बने चैंपियन उत्कर्ष दूसरे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ के सुमित तीसरे व अखिलेश (विक्की) चौथे स्थान पर रहे

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित टेनपिन बॉलिंग स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट में नोएडा के देवांश भटनागर ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी जीत ली।

लखनऊ के एक मॉल में बॉलिंग एली में आयोजित टूर्नामेंट में देवांश भटनागर उम्दा खेल कौशल दिखाते हुए तीन राउंड के स्टेप लैडर फार्मेट में सर्वाधिक 2,086 पिनफॉल स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहे। दूसरी ओर मात्र 11 अंक से पिछड़े मुरादाबाद के उत्कर्ष सिन्हा 2,075 पिनफॉल स्कोर के साथ उपविजेता रहे। लखनऊ के सुमित वैश्य 2,037 पिनफॉल स्कोर के साथ तीसरे और अखिलेश वर्मा (विक्की) 2021 पिनफॉल स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह विजेताओं को पुरस्कृत किया।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
ई-निविदा आमंत्रण सूचना (1) अल्पकालीन ई निविदा संख्या 05 वि.पा.नं.(प्र.)ल./2024.25. विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उबल सर्किट सरोजनी नगर-गोमती नगर /सतरिख-सी.जी. सिटी पारेषण खण्ड-द्वितीय, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी मध्य विस्थापन हेतु ई0आर0एस सिस्टम स्थापित सम्बन्धित कार्य की ई निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 02.06.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रु. 50.00 लाख का कार्य की अवधि 30 दिन, धरोहर धनराशि रु. 50,000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 10.06.2024 को 16:00 बजे तक है। अतः उपरोक्त वर्णित ई.निविदाओं के कार्य की कुल मात्रा ई.निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई. निविदा अथवा सभी ई.निविदाओं को अस्वीकार / विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाईट को नियमित देखते रहना चाहिए। **कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल-प्रथम, उ.प्र.पावर ट्रान्स. कारपोरेशन लि. कक्ष सं. 111 से 114, भू-तल, पारेषण भवन विभूति खण्ड- II, निकट मंत्री आवास गोमतीनगर, लखनऊ-226010 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' पत्रांक: 1419/वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल दिनांक: 01.06.2024**

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## नौटंकी में नाचने वाले लड़के की कहानी है फिल्म नाच बसंती नाच

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व छात्र दिलीप आर्या की फिल्म नाच बसंती नाच आगामी 14 जून को रिलीज होगी। शनिवार की शाम को लुलु माल के पीवीआर में इसका ट्रेलर लांच किया गया। फिल्म उस लुप्त होती परम्परा (नौटंकी) पर आधारित है, जिसमें लड़कियों की वेशभूषा में लड़के नाचते थे।

फिल्म के निर्देशक और नायक दिलीप आर्या ने फिल्म की केन्द्रीय भूमिका को बड़ी शिद्दत से जिया है। फिल्म में प्रख्यात अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी भी दिखाई देंगे। फिल्म के गीत आशीष और दिनेश दीप ने लिखे हैं। सृष्टि, मुकेश भदौरिया और संध्या अमरजीत फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस मौके पर फिल्म की पूरी यूनिट के अलावा मुख्यमंत्री के सलाहकार रहीस सिंह, जस्टिस संजय सिंह, फिल्म बंधु के पूर्व निदेशक, सूचना विभाग के पूर्व उप निदेशक दिनेश सहगल, पुलिस महानिरीक्षक एसके सिंह, मुकेश बहादुर सिंह और अभिषेक प्रताप सिंह की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।


एल्बम रिकॉर्ड करने के बाद भजन गायिका अभिलिप्सा को सम्मानित करते लोग।

# अभिलिप्सा का नया एल्बम हुआ रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हर-हर शंभू से प्रसिद्धि हासिल करने वाली अभिलिप्सा पांडा का नया शिव भजन बम-बम बोल रहा जग सारा राजधानी के विकास नगर स्थित बीबी स्टूडियो में शनिवार को रिकॉर्ड किया गया।

बंदा बैरागी श्याम के लिखे भजनों के इस एल्बम का संगीत निर्देशन भी उनका ही है। इस एल्बम को आध्यात्मिकता के साथ-साथ युवाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सावन में एल्बम को रिलीज किया जायेगा।

अभिलिप्सा पांडा ने बताया कि वह व्यावसायिक तौर पर भले ही शिवभजन गाती हैं, लेकिन वास्तव में वह शिव भक्त भी हैं। इस वजह से फिल्मी गाने उन्हें कभी आकर्षित नहीं कर पाए। वह सिर्फ भजन ही गाती हैं। उन्होंने बताया कि एल्बम में मेरा भोला है और आदि देव महादेव जैसे शिव भजनों को लोग खूब पसंद करेंगे।

## अशोक भौमिक की कला यात्रा पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में शनिवार को वरिष्ठ कलाकार अशोक भौमिक की कला के क्षेत्र में उनकी स्वर्ण यात्रा पर चर्चा हुई। उनके बनाये चित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम ने किया। शनिवार की शाम को हुए इस आयोजन में प्रख्यात इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट और कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. जय कृष्ण अग्रवाल भी शामिल हुए।

कानपुर में वर्ष 1953 में पैदा हुए अशोक भौमिक को क्रॉस हैचिंग में महारत रखने के लिए पहचाना जाता है। पिछले पांच दशक में उन्होंने इस तकनीक को कला की दुनिया में खास मुकाम दिला दिया है। उनके चित्रों में मानवीय संवेदना और भावना देखने को मिलती है।

अशोक भौमिक की द वर्ली सीरीज और अमीना एंड द बर्ड सीरीज में पक्षी को साहस और साहचर्य के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस आयोजन में उनकी कला की शानदार यात्रा और कलात्मक उपलब्धियों पर विशेष रूप से तैयार की गई पुस्तक का विमोचन भी किया गया।



रायबरेली रोड स्थित वृन्दावन कॉलोनी में सुंदरकांड का पाठ करते लोग।

## वृन्दावन कॉलोनी में हुआ सुंदरकांड का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानव आदर्श सेवा समिति ने रायबरेली रोड स्थित वृन्दावन कॉलोनी में पीके घोष के संयोजन में सुंदरकांड का आयोजन किया। मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदशरथ अजिर बिहारी के सम्पुट के साथ यह आयोजन शुरू हुआ। इस आयोजन में संस्था के संरक्षक मुरलीधर आहूजा, अध्यक्ष रोहित अग्रवाल और अनीता तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर हनुमान जी की आरती की। इस मौके पर पर्यावरण जागरूकता का सन्देश दिया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना सं. LJN-PRKG-05-24
मण्डल रेल प्रबंधक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं. | लॉट सं. | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | PARKING-LJN-GKP-TW-7-22-1 (Parking-two Wheeler) | गोरखपुर स्टेशन के आरक्षण कार्यालय स्थित दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 2. | PARKING-LJN-SWA-MX-62-22-1 (Parking-Mixed) | सहजनवा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 3. | PARKING-LJN-BST-MX-52-23-1 (Parking-Mixed) | बस्ती स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 4. | PARKING-LJN-SOT-MX-31-22-2 (Parking-Mixed) | शोहरतगढ़ स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 5. | PARKING-LJN-BRK-MX-87-22-1 (Parking-Mixed) | बहराईच स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 6. | PARKING-LJN-GKC-MX-111-24-1 (Parking-Mixed) | गोरखपुर कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 7. | PARKING-LJN-LJN-PCCV-108-24-2 (Parking-Passenger Carrying Commercial) Vehicles) | लखनऊ जंक्शन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में Passenger Carrying Commercial Vehicle (कार/टैक्सी/ऑटो/ई-रिक्शा) सह संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया तथा चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |

• निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। ireps पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। • सभी लॉट के लिए ई-ऑक्शन दिनांक 18.06.2024, 12:00 बजे प्रारंभ होकर 18.06.2024, 13:30 बजे बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिए मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in (E-Auction module)** पर उपलब्ध है
मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), लखनऊ
मुजाधि/वाणिज्य-40
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### गला घोंटू से बचाने को टीकाकरण अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर निदेशक ग्रेड-2 पशुपालन विभाग डॉ. विजय कुमार सिंह ने शनिवार को विभागीय अफसरों और कर्मचारियों की टीम के साथ गला घोंटू का टीकाकरण अभियान शुरू किया। उन्होंने जिला पशु चिकित्सालय सदर हैवलॉक रोड अंतर्गत राजभवन डेयरी के सभी पशुओं का टीकाकरण कराया। उन्होंने कहा कि गला घोंटू बीमारी मुख्य रूप से गाय और भैसों में होती है। इस मौके पर डॉ. आरआर सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी, शारिक हसन खान, पुरंदर मिश्रा, संजीव कुमार आनंद समेत अन्य मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान का कनेक्शन काटने पर प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधान संघ के अध्यक्ष और दीगोई गांव के प्रधान आदर्श सिंह के घर की बिजली का कनेक्शन काट दिया गया था। इसके विरोध में बीकेटी के जीवीआरए उपकेंद्र पर अधिशासी अभियंता के कार्यालय के सामने प्रधान की अगुवाई में व्यापार मण्डल, किसान संगठन ने धरना प्रदर्शन किया। प्रधान ने जेई और संविदाकर्मी पर जबरन बिजली काटने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे मुख्य अभियंता ने कनेक्शन जुड़वाकर धरना समाप्त कराया। उन्होंने मामले की जांच करने की बात भी कही है।

### खराब वेंटिलेटर के बहुरेंगे दिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोरोना काल में पीएम केयर फंड से खरीदे गए वेंटिलेटर में, खराब हो चुके वेंटिलेटर के दिन बहुरेंगे। वार्षिक अनुरक्षण (एएमसी) न होने की वजह से भेजे गए कई वेंटिलेटर खराब हो गए। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अस्पतालों में मौजूद वेंटिलेटर की रिपोर्ट मंगाने के साथ ही इन्हें मरीजों के लिए ठीक कराने के निर्देश दिये हैं।

# बारिश से पहले दुरुस्त की जाएंगी सड़कें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बारिश शुरू होने पहले महानगर, अम्बेडकर मार्ग, सरोजनी नायडू मार्ग, आलमबाग समेत 200 किमी सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

शहर में सड़कों के धंसने की घटनाओं के बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आया है। सड़कों की जांच कराकर मरम्मत कराई जाएगी। जिन 139 सड़कों को चिह्नित किया गया है, उनमें ज्यादातर का डामर उखड़ गया और बजरी फैली है। शहर की प्रमुख सड़कों के मरम्मत व नवीनीकरण के लिए शासन ने 77.52 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले ही दी है। इसमें 28.78 करोड़ रुपये आवंटित भी हो गया है।

**तीन वर्ष में आधा दर्जन से अधिक सड़कें धंसी**

नवम्बर 2022- विकास नगर सेक्टर 4 में सड़क पर 30 फीट गहरा गड्ढा हो गया

दिसम्बर 2022 - लोकभवन से एक किमी दूर लालबाग गर्ल्स कॉलेज के बाहर सड़क धंसी

11 सितम्बर 2023 को 1090 चौराहे के पास सड़क एक किनारे पर धंस गई

23 मई को गोमती नगर में हुसड़िया से पत्रकारपुरम के बीच सड़क धंस गई।

3 मार्च को विकासनगर में सड़क 20 फीट धंसने से चलती कार फंस गई।

> कुछ सड़कों पर कार्य शुरू हो गया है वहीं कई स्थानों पर टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।
>
> -**मनीष वर्मा**, अधिशासी अभियंता, (प्रांतीय खंड), पीडब्ल्यूडी

# मेडिकल कॉलेज के पास सड़क धंसी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** चौक से केजीएमयू जाने वाले मुख्य मार्ग पर शनिवार को सड़क का एक हिस्सा धंस गया। बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। स्थानीय लोगों में आक्रोश है, क्योंकि वे कई दिनों से इसकी शिकायत कर रहे थे। सड़क धंस गई तब नगर निगम और जलकल के अफसर मौके पर पहुंचे। सड़क बनने में चार दिन लग जाएंगे।

पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने बताया कि सड़क के नीचे एक तरफ अंग्रेजों के समय का पुराना नाला है। सड़क नाले की तरफ नीचे धंसी है। पुराने जर्जर नाले का एक हिस्सा पूर्व में क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय लोग काफी समय से शिकायत कर रहे थे लेकिन जलकल अफसरों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।



पुराने लखनऊ में चरक चौराहे के पास पुल के नीचे धंसी सड़क। अमृत विचार

### ई-रिक्शा चालक की मौत के मामले में हत्या की एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी के भटऊ जमालपुर में शुक्रवार शाम ई-रिक्शा चालक बेसुध मिला था। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले में चालक के भाई ने गांव के चार लोगों पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। इन पर ही चालक के पिता की हत्या में शामिल होने का आरोप है। हालांकि काकोरी पुलिस सड़क हादसे में मौत होने की बात कह रही है। इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद के मुताबिक शुक्रवार की शाम को अरमान (23) ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था।

# 22 घंटे गुल रही अंबरपुर की बिजली

## शहर के अन्य इलाकों में भी दो से चार घंटे तक बाधित रही आपूर्ति

लखनऊ/ सरोजनीनगर

- गर्मी से परेशान होने के साथ पानी की समस्या से भी जूझे लोग

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में बिजली कटौती से राजधानी के उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार रात और शनिवार को भी कई क्षेत्रों में बिजली गुल रही। सबसे ज्यादा अंबरपुर गांव के लोग परेशान हुए। यहां ट्रांसफार्मर खराब होने से करीब 22 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही।

सरोजनीनगर के गहरु पावर हाउस से जुड़े अंबरपुर गांव का ट्रांसफार्मर में शुक्रवार शाम करीब चार बजे खराब हो गया। इससे करीब 22 घंटे आपूर्ति ठप रही। गर्मी में पंखे, कूलर न चलने से उपभोक्ता परेशान रहे। शनिवार को पूरा दिन पानी की समस्या भी रही। शनिवार दोपहर ट्रांसफार्मर बदला। 2 बजे के बाद आपूर्ति शुरू हो पाई।




उधर, चन्दर नगर, पवनपुरी, बरहा रेलवे कालोनी के अलावा रेलवे पावर हाऊस के खालसा और सुजानपुरा में दिनभर बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। शाम को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। नटखेड़ा रोड पर भी बिजली गुल होने से लोग पानी के लिए भटकते रहे। शुक्रवार रात 9 बजे गुल हुई बिजली सुबह 8 बजे आई। शनिवार को नटखेड़ा रोड और आसपास के इलाकों की सप्लाई भी चार घंटे तक ठप रही। आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि बिजली कटौती से व्यापार प्रभावित हो रहा है। आलमाबाग के एक्सीएन ने बताया कि 11 केवी केबल में फॉल्ट होने से समस्या रही।

महानगर के सेक्टर एच के पास ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य के चलते 3 घंटे सप्लाई बाधित रही। बड़ा चांदगंज, भिड़ियाटोला में दो घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही। कपूरथला के प्रगति मार्केट के पास ट्रांसफार्मर बदलने के कारण तीन घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही। शीलागार्डन में लोग दिनभर लो वोल्टज से परेशान रहे।

**रात 12 बजे तक उपकेंद्र पर रहें अधिकारी : मुख्य अभियंता**

**अमृत विचार, लखनऊ :** सभी अधिकारी उपकेंद्र पर रात 12 बजे तक रुकें। क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास करें।' यह निर्देश शनिवार को मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र के दौरे में दिए। उन्होंने ज्यादा फॉल्ट वाले क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों के लोड चेक करने और नाइट पेट्रोलिंग के निर्देश भी दिए। साथ ही मोबाइल फोन पर मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जरूरत बताई। उन्होंने विभाग की ओर से जारी आदेशों का अनुपालन नहीं करने वालों खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। वही मध्यांचल के वाणिज्य निदेशक ने भी कस्टमर केयर सेंटर 1912 का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित शिकायतों के तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए।

### संविदाकर्मियों को पहनना होगा आई कार्ड : भवानी सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिजली अधिकारी संविदाकर्मी को सुरक्षा उपकरण पहनाकर ही कार्य करने के लिए खंभे पर चढ़ाएंगे। साथ ही हर संविदाकर्मी को अब आई कार्ड पहनना होगा और ट्रांसफार्मर को सही समय पर बदलना होगा। यह बात शनिवार को मध्यांचल के एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि अधिकांश संविदाकर्मियों को पहले ही आईडी कार्ड उपलब्ध कराये जा चुके है। जिनको अभी तक आईडी नहीं मिला है, उस पर कार्यवाही की जा रही है। वही फॉल्ट लोकेटर मशीन से संबंधित आ रही समस्याओं पर कार्यवाही करते हुए शहर में इसकी संख्या को बढ़ाने का आश्वासन दिया गया है। ट्रांसफार्मर को एक जगह से दूसरे जगह भेजने के लिए गाड़ियां वर्कशॉप में खड़ी हुई है, जिन्हें जरूरत के हिसाब से घटनास्थल पर भेजा जा रहा है।

# ट्रांसगोमती के पांच उपकेंद्रों पर लगेंगे पावर ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट के लौलाई और गोमतीनगर के मंत्री आवास और विराजखंड उपकेंद्र की नई अंडरग्राउंड लाइन पड़ेगी

**अमृत विचार:** बिजली कटौती से राजधानी में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बाद पावर कारपोरेशन के अधिकारी हरकत में आए हैं। शहर के पांच उपकेंद्रों पर नए पावर ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी की गई है। इससे उपकेंद्रों की क्षमता में वृद्धि हो जाएगी।

चिनहट के शिवपुरी उपकेंद्र में 45 एमवीए का लोड है। यहां पांच एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इससे उपकेंद्र की क्षमता 50 एमवीए की हो जाएगी। कमता में 25 एमवीए लोड है। यहां भी पांच एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए और गोमतीनगर के विराजखंड उपकेंद्र और मंत्री आवास उपकेंद्र में भी 10 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर लगेंगे। विराजखंड उपकेंद्र और मंत्री आवास उपकेंद्र की क्षमता 40 एमवीए हो जाएगी। कल्याणपुर उपकेंद्र में 25 एमवीए का लोड है। यहां 10-10 एमवीए के दो और पांच एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगा है। पांच एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। उधर, चिनहट के लौलाई और गोमतीनगर के मंत्री आवास और विराजखंड उपकेंद्र की नई अंडरग्राउंड लाइन बिछाई जाएगी।

# खड़े ट्रक में घुसी एम्बुलेंस, तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**हादसा**

- चालक को नींद आने पर हादसे की जताई जा रही संभावना
- परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार।** कमलापुर थाना इलाके में बीमार महिला का इलाज कराकर एम्बुलेंस से वापस आ रहा परिवार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। एम्बुलेंस वाहन नेशनल हाईवे के किनारे के खड़े एक ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एम्बुलेंस सवार दो सगी बहनों सहित एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने एम्बुलेंस चालक और मृतक किरन के बेटे सूरज की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर के मोहल्ला तामसेनगंज निवासी किरन देवी (45) वर्ष पत्नी किशोरी लाल का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में बीती 24 मई से इलाज चल रहा था। शुक्रवार की देर रात करीब 1 बजे निजी हॉस्पिटल में हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने किरन को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। परिजनों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अस्पताल न ले जाकर वापस घर लेकर उनके बेटे सूरज और बहन गुड्डी देवी (48) पत्नी शत्रोहन निवासिनी हलुआपुर जिला लखीमपुर खीरी और युवक रवि कुमार (20) गौड़ सहित के साथ एम्बुलेंस से सीतापुर आ रहे थे। बताया जाता है कि रात करीब दो बजे एम्बुलेंस वाहन संख्या यूपी 62 एटी 2451 जब कमलापुर स्थित सिंह ढाबा के समीप पहुंची तो नेशनल हाईवे 30 के किनारे खड़ी एक ट्रक में जाकर पीछे से टकरा गई। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि ढाबे में सोये हुए लोग नींद खुलते ही सड़क की तरफ दौड़ पड़े। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा ट्रक में घुसने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कसमंडा में भर्ती कराया। जहां सभी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# दोस्तों ने की थी टाइल्स कारीगर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट पुलिस ने मामले में महिला समेत चार को किया गिरफ्तार
- 300 सीसीटीवी फुटेज खंगाले तब मिले संदिग्ध

**अमृत विचार :** चिनहट पुलिस ने टाइल्स कारीगर अंगद की हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या तीन दोस्तों ने की थी और बाद में शव को ई-रिक्शा से स्वप्नलोक कॉलोनी के पास फेंक दिया था। पुलिस ने वारदात के खुलासे के लिए आसपास के 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे। इसमें तीन संदिग्ध युवक दिखे। उनसे पूछताछ में महिला का भी नाम सामने आया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, टाइल्स कारीगर अंगद सिंह की पत्नी सोनिया ने चिनहट थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और शव छिपाने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने शनिवार को चिनहट हनुमान मार्केट निवासी नन्हके, राम मिलन, राम जनम और काजल को गिरफ्तार किया है।

**15 दिनों से घर नहीं गया था अंगद**

पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि अंगद करीब 15 दिनों से घर नहीं गया था। उसके परिवार ने भी खोज खबर नहीं ली। शव फेंके जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। इसी बीच अंगद की पत्नी ने तहरीर दी। जिसके आधार पर गैर इरादतन हत्या और साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज किया गया था। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, मामले में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।

**शराब पीने के बाद की हत्या**

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में माना है कि 27 मई की रात अंगद ने दोस्तों के साथ शराब पी। उस समय वहां काजल भी मौजूद थी। जिसे नन्हके, राम मिलन और राम जनम ने गाली दी। अंगद ने विरोध किया तो उसकी पिटाई की। पिटाई में अंगद की मौत हो गई थी। इसके बाद आरोपी ई-रिक्शा पर शव लादकर स्वप्नलोक कॉलोनी स्थित कृष्णन ब्लू अपार्टमेंट के पास फेंककर भाग निकले। काजल को अंगद की मौत और शव फेंके जाने की पूरी जानकारी थी। फिर भी उसने पुलिस व परिजन को कोई जानकारी नहीं दी।

# आमने-सामने भिड़ीं बाइक, दो की मौत

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** रामपुरकलां थाना इलाके में शनिवार देर शाम दो बाइको की आमने-सामने भिड़न्त हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि मां और मासूम बच्चा गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नाथुपुर निवासी यासिर (30) वर्ष पुत्र सत्तू बाइक पर पत्नी आशियां (27) वर्ष और मासूम डेढ़ वर्षीय बेटे वसीम के साथ बाजार से घर जा रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम दुलारपुर के निकट सामने से आ रही बाइक पर सवार युवक की बाइक सामने आ रही बाइक से जोरदार टकरा गई। ओवरटेक के दौरान हुए हादसे में मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइको पर सवार सभी चार घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने बाइक सवार विजय कुमार (28) वर्ष पुत्र लाल बिहारी निवासी ग्राम असोहन को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरी बाइक पर सवार पति यासिर ने भी उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# लखनऊ बायोस्कोप के सिटी म्यूजियम की शुरुआत पर सजी महफिल-ए-तरन्नुम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कैसरबाग स्थित सनतकदा में लखनऊ बायोस्कोप-ए सिटी म्यूजियम ऑफ कल्चर की शुरुआत की गई है। लखनऊ बायोस्कोप के ट्रस्टी नूर खान और समन हबीब ने सनतकदा की संस्थापक माधवी कुकरेजा, सलाहकार मंसूर हसन और जयंत कृष्णा की मौजूदगी में यह शुरुआत की। इस मौके पर सलाहकार पाओला मैनफ्रेडी, मधुवंती घोष और सरोवर जैदी जूम एप के माध्यम से इस आयोजन से जुड़े।

इस म्यूजियम का मकसद अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और इसे बढ़ावा देना है। इस मौके पर माधवी कुकरेजा ने कहा कि जब तक आप सीखते नहीं तब तक प्रशंसा भी नहीं कर सकते। समझने की बात यह है कि एक-एक धागे को उठाने में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी बारीकियों को समझने और इस कारीगरी को पहचानने की जरूरत है। यह इसलिए जरूरी है कि जब बाजार जाएं तो इसका मूल्यांकन ठीक से कर पायें।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

कार्यशाला का संचालन करते हुए मुनव्वर ने कहा कि जरदोजी की कला बहुत जटिल है, इसे संरक्षित करने की जरूरत है। शाम के समय अस्करी नकवी ने महफिल-ए-तरन्नुम का आयोजन किया। इस महफिल में गजल, नज्म, ठुमरी, दादरा और रागों में रचित हिन्दुस्तानी भाषाओं में लिखी गई अर्ध शास्त्रीय बंदिशें शामिल रहीं।

# ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में 4 से 65 वर्ष के लोगों ने लिया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संगीत नाटक अकादमी में ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं शुरू

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशालाओं की शनिवार को शुरुआत हो गई। इस वर्ष कथक नृत्य के अलावा गायन, तबला और ढोलक की कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है।

कथक नृत्य कार्यशाला में श्रुति शर्मा, नीता जोशी और मंजू मलकानी द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। गायन कार्यशाला में डॉ. अंजनी मिश्र, तबला वादन की कार्यशाला में डॉ. पवन और ढोलक वादन की कार्यशाला में डॉ. श्रीकांत शुक्ला द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कथक नृत्य कार्यशाला में कथक की वरिष्ठ नृत्यांगना डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय अतिथि विशेषज्ञ के रूप में शामिल होंगी और प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगी।

संगीत नाटक अकादमी में शनिवार को कार्यशालाओं का उद्घाटन डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय, अकादमी निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, श्रुति शर्मा, नीता जोशी, मंजू मलकानी, डॉ. अंजनी मिश्रा और डॉ. पवन ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उद्घाटन में कुछ बच्चों और अभिभावकों को भी शामिल किया गया। इन कार्यशालाओं में छह वर्ष की आयु से आवेदन आमंत्रित किए गए थे लेकिन कार्यशाला में चार वर्ष की आयु से 65 वर्ष की आयु के लोगों ने प्रवेश लिया है।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153

Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in

For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES**

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

**Last Date of Receiving Application :** 20th May, 2024

**Application Submission Address :** To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India

For more details and application form & application fee

**Visit University Website :** www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**

प्रवेश प्रारम्भ

सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)

E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### 6वीं की छात्रा शान्वी ने 17 मिनट में पार की यमुना


रिकॉर्ड बनाने के बाद शान्वी।

**प्रयागराज, अमृत विचार :** मुंडेरा की रहने वाली कक्षा छह की छात्रा शान्वी ने 12 साल की उम्र में महज 17 मिनट में यमुना नदी तैरकर पार कर ली। परिवार और कॉलेज के लोग गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए उसका डेटा, वीडियो, फोटो भेज रहे हैं।

### ट्रस्ट के इंजीनियर को मिला ईडी का फर्जी नोटिस

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण की निगरानी और सहयोग के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से नियुक्त इंजीनियर जगदीश शंकर आफले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक नोटिस मिलने का मामला प्रकाश में आया है। इंजीनियर की शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ज़ोन ने प्रारंभिक जांच में नोटिस फर्जी पाया।

### सोनू सिंह की सजा पर अपील निरस्त

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जेसीबी से दीवार ढहाने, मारपीट कर गाली देने के दोषी इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र उर्फ सोनू सिंह व दो अन्य की अपील शनिवार को एमपीएमएलए न्यायालय की विशेष जज एकता वर्मा ने निरस्त कर दी। सभी को 4 जून तक आत्मसमर्पण का अवसर दिया गया है।

### शशिभूषण लाल बने देवीपाटन के कमिश्नर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** शशि भूषण लाल सुशील को देवीपाटन मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। मंडलायुक्त रहे योगेश्वर राम मिश्र के सेवानिवृत्त होने के बाद शासन ने शशि भूषण लाल को तैनात किया है।

# हीटवेव : प्रतापगढ़ में होमगार्ड समेत 11 लोगों की हुई मौत

संवाददाता, लखनऊ।

- महोबा में 9, हमीरपुर में 6, बाराबंकी-बहराइच में 2-2, हरदोई में 2, रायबरेली में 3 व अयोध्या में 1 की मौत

**अमृत विचार :** जिलों में हीट वेव से मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। शनिवार को महोबा में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। भीषण गर्मी से पीड़ित 12 मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान नौ लोगों की मौत हो गई। वहीं हीट स्ट्रोक से बाराबंकी में दो, बहराइच में दो, हरदोई में दो, रायबरेली में तीन व अयोध्या में गर्मी से एक मौत हो गई। हमीरपुर में लू लगने से छह लोगों की मौत हो गई। प्रतापगढ़ के बेल्हा में 24 घंटे के अंदर होमगार्ड समेत 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें सर्वाधिक कुंडा तहसील क्षेत्र के छह लोग, अंतू के तीन, देल्हूपुर की एक महिला व दिलीपुर का अधेड़ शामिल हैं। हमीरपुर में बीते 24 घंटे में गर्मी से छह लोगों ने दम तोड़ दिया। कुंडौरा गांव के सत्य सूदन (70), मुलिया वाल्मीकि (65), रामगोपाल सोनकर (70), हनी (50), पाटननपुर के यशवंत सिंह (74) सहित एक अज्ञात की मौत हो गई। महोबा में खरेला के शिवहर निवासी सियारानी (56), ग्राम पुरा निवासी सुरेश (60), लक्ष्मणपुर निवासी भवानीदीन (65), खरेला के भवानी (57), लाडकुंवर (45) चरखारी, लाल दीवान (60) कमला सहित दो अन्य की मौत हो गई।

# बहराइच का दरगाह शरीफ मेला शुरू

## हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति ने किया मेले का उद्घाटन

संवाददाता, बहराइच


ज्येष्ठ मेले का उद्घाटन करते हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति फैज आलम एवं न्यायमूर्ति शमीम अहमद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सैयद सालार मसूद गाजी के दरगाह पर रविवार को बरातें आएंगी। शनिवार को मेले की औपचारिक शुरुआत हुई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति फैज आलम एवं न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने मुख्यद्वार पर फीता काटकर मेले का औपचारिक उदघाटन किया। मेला एक माह तक चलेगा। दूरदराज के बराती मेले में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। कोई साफा तो कोई शेरवानी गाजी सरकार को भेंट कर रहा है।

दरगाह मेले में दूर दराज से आने वाले जायरीन या गाजी दुआ करो, रहम करो समेत अन्य नारों से गुंजायमान है। हजारों की संख्या में जायरीन का आना-जाना लगा है। तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच भी जायरीन की आमद कम नहीं हो रही है। बल्कि इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। दरगाह मेले में लकड़ी, कांच, कालीन और मिट्टी के बने सामान लोगों के बीच आकर्षण बने हुए हैं।


जंजीरी गेट चूमते जायरीन।

### बिना दूल्हा के आएंगी बरात

दरगाह के मेले में देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा नेपाल के बराती आयेंगे। दरगाह प्रबंध समिति सदस्य बच्चे भारती ने बताया कि 350 से अधिक बारात आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दरगाह में बिना दूल्हा के सभी बराती आएंगे।

# शेरनी नीरजा ने तीन शावकों को जन्म दिया

**इटावा लॉयन सफारी**

कार्यालय संवाददाता, इटावा


सीसीटीवी की निगरानी में शेरनी नीरजा।

**अमृत विचार।** इटावा लॉयन सफारी पार्क से बड़ी खुशखबरी मिली। बीती रात शेरनी नीरजा ने यहां तीन शावकों को जन्म दिया। पहले शावक का जन्म रात 9:50 बजे, दूसरा 10:50 बजे और कुछ घंटे के इंतजार के बाद रविवार सुबह तीन बजे शेरनी नीरजा ने तीसरे शावक को जन्म दिया। इस घटना से सफारी में खुशी का माहौल है। शेरनी नीरजा गर्भवती थी और डॉक्टरों ने डिलीवरी डेट 29 या 30 मई बताई थी। इस कारण उसे खास देखभाल और निगरानी में रखा जा रहा था। नीरजा ने 31 मई और पहली जून की रात तीन शावकों को सफलता पूर्वक जन्म दिया। इनमें से एक शावक को नीरजा अपना दूध भी पिलाने लगी है। सफारी के निदेशक डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा और नवजात शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# युवती से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**संतकबीरनगर का मामला**

- प्रेमी ने अपने दो दोस्तों के साथ दिया वारदात को अंजाम
- घटना में प्रयुक्त कार बरामद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में एक युवती के साथ चलती कार में तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। युवकों के चंगुल से निकलने के बाद पीड़ित युवती रोते-बिलखते कोतवाली पहुंची। मामले की तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार भी बरामद कर ली है।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम बलुअरा जंगल ऊन निवासी शिवकुमार मौर्य उर्फ शिवा पुत्र दयाराम का इसी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से प्रेम-प्रसंग था। शिवकुमार की किसी बात से नाराज युवती ने भला-बुरा कहते हुए उससे सारे संबंध तोड़ लिए थे। शिवकुमार ने युवती से सुलह समझौता करने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहा। बाद में शिवकुमार ने अपने मित्रों गोरखपुर के सहजनवा थानाक्षेत्र के ग्राम भीटी रावत निवासी राहुल मौर्य पुत्र मुनीब मौर्य व कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम खटौली निवासी प्रशांत गुप्ता पुत्र राम आशीष को भी शामिल कर लिया। शिवकुमार ने बहाने से अपनी प्रेमिका को खलीलाबाद बुलाया और अर्टिगा कार पर बैठाकर गोरखपुर ले गया। कार में उसके साथ राहुल व प्रशांत भी थे। तीनों ने चलती कार में उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में युवक युवती को खलीलाबाद स्थित मेंहदावल बाईपास पर छोड़कर फरार हो गए। तीनों आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद युवती कोतवाली खलीलाबाद पहुंची और पुलिस को मामले की तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी आर के सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर शिवकुमार, राहुल व प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार भी बरामद कर ली गई है।

**कुशाग्र हत्याकांड**

# प्रभात ने ही फिरौती के लिए लिखा था पत्र

**कानपुर, अमृत विचार।** कुशाग्र हत्याकांड के आरोपी प्रभात ने ही फिरौती का पत्र लिखा था। शनिवार को एडीजे 7 की कोर्ट में दाखिल एफएसएल रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि हुई है। शनिवार को मुकदमे के वादी कुशाग्र के चचेरे बाबा संजय कनोडिया ने अपने बयान दर्ज कराए। रायपुरवा क्षेत्र के आचार्य नगर निवासी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र का 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। मामला एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि फिरौती के पत्र की जांच के लिए पत्र व हत्यारोपियों के हैंडराइटिंग जांच के लिए भेजी थी।



# ऑनलाइन कमरा बुकिंग के नाम पर अयोध्या की धर्मशाला में ठगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ऑनलाइन होटल व धर्मशाला के कमरे की बुकिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा और ठगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बरेली के श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल के साथ ठगी का आया है। उनसे अयोध्या के बिड़ला धर्मशाला में कमरा बुक करने के नाम पर पांच हजार की ठगी हुई है। पीड़ित ने साइबर क्राइम के टोल फ्री नंबर पर शिकायत के बाद नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

बरेली की श्री अग्रवाल सभा कल्याण समिति के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने फोन पर बताया कि समिति ने जुलाई माह में रामलला के दर्शन का कार्यक्रम बनाया। इसके बाद लोगों के ठहरने के लिए ऑनलाइन होटल और धर्मशाला की तलाश शुरू की। सर्च में सांई नगर न्यू कॉलोनी अयोध्या स्थित चर्चित बिड़ला धर्मशाला का संपर्क नंबर व प्रबंधक का नाम हासिल होने के बाद उन्होंने प्रबंधक संजय धाकड़ से 10 जुलाई को 24 घंटे के लिए आठ वातानुकूलित कमरों के बुकिंग की बात की। प्रबंधक संजय ने इसका कुल किराया 12160 रुपये बताकर उनको व्हाट्सअप पर क्यूआर कोड भेज कर एडवांस भुगतान मांगा। उमानाथ ने बताया कि उन्होंने पांच हजार रुपये एडवांस पेमेंट कर दिया और शेष रकम 11 जुलाई को चेक इन के समय भुगतान की बात कही थी।

राममंदिर निर्माण के बाद से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आगमन बढ़ा है। इसके चलते अयोध्या में होटल और धर्मशाला के कमरों की मांग में बढ़ोत्तरी हुई है। इसी का फायदा साइबर ठग उठाने में जुटे हैं।

> बुकिंग से पहले साइट की ठीक से जांच कर लें। वेरिफाइड ऑनलाइन होटल बुकिंग साइट का ही इस्तेमाल करें। फर्जी वेबसाइट का पता लगाने के लिए यूआरएल की स्पेलिंग का मिलान करें। ठगी का शिकार होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोनकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।
> – आलोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, साइबर क्राइम थाना

### पहले भी ठगे जा चुके हैं लोग

अभी कुछ दिन पूर्व महाराष्ट्र निवासी शहरी नियोजन विभाग के एक पूर्व निदेशक राजन कोप के साथ ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। धार्मिक यात्रा पर निकले पूर्व निदेशक से अयोध्या के जानकी महल ट्रस्ट में 10 कमरे की बुकिंग के नाम पर छह हजार रुपये एडवांस लेकर ठग लिया गया था। पूर्व में शगुन समेत अन्य टीवी सीरियल की चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी समेत कई प्रांतों के श्रद्धालुओं के साथ इसी तरह की ठगी हो चुकी है।

# बाइक से नीचे गिरा तो युवक की पीट-पीटकर ले ली जान

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के गौरा धनौली गांव निवासी एक युवक को गांव का ही युवक मजदूरी कराने के बहाने घर से ले गया। इसी बीच बाइक से युवक गिर पड़ा। इससे आक्रोशित होकर युवक ने श्रमिक को पीटकर अधमरा कर दिया। युवक ने दम तोड़ने से पहले पिता और आरोपी की पत्नी को पीटने की बात बतायी। मटेरा थाना क्षेत्र के गौरा धनौली के मजरा निहालसिंह पुरवा निवासी गुरुमीत सिंह (18) पुत्र जिलाजीत सिंह को गांव निवासी शक्ति सिंह 30 मई को घर से बुला ले गया। शक्ति सिंह ने मजदूरी करवाने की बात कही। जिस पर पिता ने बेटे को शक्ति सिंह के साथ भेज दिया। पिता जिलाजीत सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि शक्ति सिंह बाइक से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। इसका आरोप बेटे पर लगाते हुए उसकी जमकर पिटाई की जिससे बेटे की मौत हो गई।

# युवराज हत्याकांड में 50 पर मुकदमा

संवाददाता, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस ने युवराज सिंह उर्फ युवी की हत्या के बाद बवाल करते हुए उससे हाथापाई और तोड़फोड़ के अलावा सड़क पर जाम लगाने वालों पर शिकंजा कसा है। कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज की तहरीर पर 11 नामज़द व 50-60 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी धरपकड़ की कार्रवाई की तैयारी कर रखी है।

बताते चलें कि 30 मई गुरुवार को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में इस्माइल पुर के युवराज सिंह उर्फ युवी पुत्र संजय सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जिसमें कस्बे के जुबैर, जुनैद और अदनान के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी की ज़मीन तैयार कर रही थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद युवराज का शव उसके गांव पहुंचता, उससे पहले ही तनाव बढ़ता हुआ देख कर काफी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। कस्बे की बाज़ार बंद हो गई। उसी दौरान निर्माणधीन पुलिस चौकी के पास इकट्ठा हुई भीड़ नाराबाज़ी करते हुए जुलूस की शक्ल में निकल पड़ी। उसने पुलिस की कुर्सियां तोड़ी और उसके साथ हाथापाई करते हुए पुलिस जवानों के साथ अभद्रता तक कर डाली। आरोपियों का इनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोज़र चलाए जाने की मांग कर रही भीड़ ने रामलीला चौराहे पर जाम लगा कर लॉ एंड आर्डर के लिए मुश्किल खड़ी कर दी। एसडीएम सवायजपुर और सीओ शाहाबाद के समझाने के काफी देर बाद जाम हटाया गया।

# गंगा तटों पर अंतिम संस्कार के लिए शवों की संख्या बढ़ी

## प्रशासन ने चुप्पी साधी, सामान्य दिनों में आंकड़ा सात-आठ शवों का था, अब 30-35 प्रतिदिन आ रहे

रमेश शुक्ला, ऊंचाहार

**अमृत विचार।** नौतपा की तेज गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। पूरे क्षेत्र में लगातार हीट स्ट्रोक से मौतें हो रही हैं, जिसके कारण क्षेत्र के गंगा तटों पर आने वाले शवों की संख्या बढ़ गई है। लोग रेत में अपनों के शवों को दफन कर रहे हैं। हालांकि प्रशासन इसे स्वीकार नहीं कर रहा है। विगत दस दिनों से भीषण गर्मी से ऊंचाहार का जनजीवन बेहाल है। दो दिन पहले 47 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया था। अब भी तापमान 45 के आसपास बना हुआ है। गोकना गंगा घाट पर इस समय प्रतिदिन औसतन 30 शव अंतिम संस्कार के लिए पहुंच रहे हैं। सामान्य दिनों में यह आंकड़ा सात-आठ शवों का रहता था। अचानक अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों की संख्या बढ़ने से गंगा तटों की व्यवस्था भी चरमरा गई है। अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां तक कम पड़ रही हैं। गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों की संख्या में बढ़ोत्तरी से लोग घबराए हुए हैं।

### सामान्य दिनों की तुलना में चार गुना बढ़े शव

गोकना गंगा घाट के पुरोहित पंडित जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि सामान्य दिनों में प्रतिदिन 5 से 10 शव अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पर आते थे। महीने में कुल करीब 250 शवों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है। इस समय बीते दस दिनों में ही अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों की संख्या 300 से ऊपर पहुंच गया है।

### दस दिनों में गंगा घाट पहुंचे 319 शव

1- 23 मई – 20 शव, चार अस्थियां
2- 24 मई – 22 शव, तीन अस्थियां
3- 25 मई – 25 शव, पांच अस्थियां
4 – 26 मई – 26 शव, चार अस्थियां
5- 27 मई – 28 शव, पांच अस्थियां
6- 28 मई – 30 शव, चार अस्थियां
7- 29 मई – 31 शव, चार अस्थियां
8- 30 मई – 30 शव, तीन अस्थियां
9- 31 मई – 35 शव, तीन अस्थियां
10- 1 जून – 32 शव, पांच अस्थियां

> हीट स्ट्रोक या असामान्य बीमारी से जिले में कोई मौत नहीं हुई है। यदि मौतें हुई है तो वह सामान्य मौतें है। इस बारे में अभी तक कहीं कोई शिकायत या सूचना भी नहीं मिली है।
> –डॉ. वीरेंद्र सिंह, सीएमओ रायबरेली


## वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।




### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02.41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष** – आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या** – आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला** – आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु** – आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ** – आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे, किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन** – आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 3 जून 01.40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
लोहा – सुबह : 09.23
गुरुदेव – शाम : 04.26

Sony Pix
स्पाइडर मैन – सुबह : 10.29
द अनहोली – रात : 07.26

Sony Max
आजा नचले – सुबह : 09.50
हर दिल जो प्यार करेगा – शाम : 06.00

Zee Cinema
रॉकस्टार – सुबह : 10.00
आप तो ऐसे न थे – रात : 07.20

Colors Cineplex
जॉनी दुश्मन – दोपहर : 12.05
स्पाई – रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां-बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी – मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां– बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके – हां मां बहुत पसंद है
मां – तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू– भाई समोसा खाएगा?
मिंटू– नहीं, आज मेरा व्रत है।
चिंटू– भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू– मीठी चटनी डालकर लाना

# प्राचीन राष्ट्र भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

> ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।


सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-''हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

> एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णत: विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।



अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?


हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।

स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।

# हत्या का अर्थ



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्युमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

> आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का -दुक्का ही ग्राहक दिखे।

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।

# राधास्वामी सत्संग सभा के पदाधिकारियों को राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ हाई कोर्ट ने दिया एफआईआर रद करने का आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राधास्वामी सत्संग सभा के पदाधिकारियों के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी को रद करते हुए तहसीलदार, आगरा द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेशों को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन मानकर रद कर दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने अनूप श्रीवास्तव और 10 अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचियों ने भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए ध्वस्तीकरण अभियान से पहले सभा के सदस्यों के विरुद्ध दर्ज की गई एफआईआर को चुनौती दी थी और याचियों ने कोर्ट को बताया कि विपक्षी अधिकारियों ने यह तथ्य छिपाया था कि विवादित संपत्ति पर मालिकाना हक को लेकर कुछ याचिकाएं हाईकोर्ट में पहले ही लंबित हैं और कुछ याचिकाओं में यथास्थिति का आदेश पहले ही पारित किया जा चुका है। अंत में कोर्ट ने राधास्वामी सत्संग सभा के पदाधिकारियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन न्यू आगरा, आगरा में दर्ज प्राथमिकी को रद कर दिया।

# अनुकंपा योजना का मतलब भर्ती का वैकल्पिक स्रोत नहीं : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ अनुकंपा नियुक्ति मामले में हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उपनिरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के मामले में कहा कि अनुकंपा योजना के तहत नियुक्ति का अर्थ भर्ती का वैकल्पिक स्रोत नहीं है। किसी सरकारी कर्मचारी के अचानक निधन से वित्तीय शून्यता उत्पन्न होने पर शोक संतप्त परिवार के जरूरतमंद सदस्यों की मदद के लिए अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किया जाता है।

यह सरकारी विभागों में पद को भरने का वैकल्पिक स्रोत नहीं बन सकता है। मौजूदा मामले में याची उपनिरीक्षक के पद के लिए शारीरिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने में विफल रही है, इसलिए उसके पास विभाग में उसकी योग्यता और उपयुक्तता के अनुसार किसी अन्य उपयुक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए नए सिरे से आवेदन करने के लिए रास्ता खुला है। बता दें कि याची का पति सबइंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत था। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर याची आदेश से चार सप्ताह के भीतर नियुक्ति के लिए आवेदन करती है तो नियमानुसार शीघ्र उसके आवेदन का निस्तारण किया जाए।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने प्रदेश सरकार की विशेष अपील (दोषपूर्ण) पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें याची को 30 दिनों की अवधि के भीतर शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने के लिए कहा गया था और अगर वह उसमें असफल होती है तो भी उसे अनुकंपा के आधार पर उपयुक्त नियुक्ति दिये जाने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश को रद करते हुए खंडपीठ ने कहा कि पुलिस बल में नियुक्ति के नियम कठोर हैं। वहां सीधी भर्ती के उम्मीदवारों को भी शारीरिक परीक्षा में कोई छूट नहीं दी जाती है। अगर वे परीक्षा में असफल होते हैं तो उनका चयन नहीं किया जाता है। ऐसे में अनुकंपा नियुक्ति चाहने वाले उम्मीदवार के लिए कोई छूट कैसे उपलब्ध हो सकती है।

# दस्तावेज फर्जी होने पर जब्त की जा सकती है बयाना राशि

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ याची की बयाना राशि वापस लौटने का हाई कोर्ट ने दिया आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि को जब्त करना गलत मानते हुए कहा कि खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि तभी जब्त की जा सकती है, जब जांच के दौरान किसी व्यक्ति के दस्तावेज झूठे या फर्जी पाए जाएं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने मेसर्स प्रज्ञासन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षियों को 90 लाख रुपये की बयाना राशि वापस करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि शासनादेश दिनांक 9 अक्टूबर 2017 के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में किसी भी व्यक्ति को 50 हेक्टेयर से अधिक कुल क्षेत्रफल के लिए दो से अधिक खनन पट्टे नहीं दिए जा सकते हैं। उक्त शर्त का उल्लंघन होने पर अंतिम पट्टा निरस्त कर दिया जाता है और उसके लिए जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाती है। अगर आवेदक को दो या दो से अधिक खनन पट्टों के लिए दो आशय पत्र जारी किए गए हैं या उनके क्षेत्रफल 50 हेक्टेयर से अधिक हैं तो उसे किसी भी खनन क्षेत्र को चुनने का अधिकार होगा और शेष के लिए जमा की गई राशि सत्यापन के बाद वापस कर दी जाएगी। मौजूदा मामले में याची ने पहले ही अधिकारियों को दो पट्टों के अपने विकल्प के बारे में सूचित कर दिया था। ऐसे में 90 लाख रुपये की बयाना राशि का जब्तीकरण बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। अतः कोर्ट ने विपक्षियों को याची द्वारा जमा की गई राशि लौटने का निर्देश दिया।

## नियुक्ति के लिए डीआईओएस से अनुमति लेना जरूरी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अल्पसंख्यक संस्थान में नियुक्ति चयन प्रक्रिया के संबंध में लागू उत्तर प्रदेश इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 के विनियम 101 के प्रावधान को स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त विनियम अल्पसंख्यक या गैर अल्पसंख्यक के किसी भी वर्गीकरण के बिना सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त संस्थानों पर पूरी तरह से लागू हैं, साथ ही उक्त प्रावधान कहीं भी संस्था के अल्पसंख्यक दर्जे का उल्लंघन नहीं करता है। डीआईओएस से पूर्व अनुमति प्राप्त करने का उद्देश्य केवल इतना है कि नियुक्त व्यक्ति सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदान में से वेतन पाने का हकदार होगा। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए माना कि एकल न्यायाधीश ने अधिनियम, 1921 के विनियम 101 के प्रावधान को अल्पसंख्यक संस्थान पर लागू न मानकर गलती की है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दाखिल विशेष अपील स्वीकार कर ली। दरअसल श्री उदय सिंह जैन कन्या इंटर कॉलेज, अलीगढ़ में सहायक लिपिक के पद हेतु चयन प्रक्रिया डीआईओएस से किसी पूर्व अनुमोदन के बिना शुरू की गई, जो विनियम 101 में अनिवार्य है। इस दृष्टि से चयन प्रक्रिया शुरू से ही दोषपूर्ण रही।

## एक नजर

### नाले में गिरा ढाई वर्षीया बच्चा, मौत

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में शनिवार को घर के पास खुले नाले में गिरने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गयी। वसई विरार नगर निगम के दमकल अधिकारी ने बताया कि यह घटना उमाले फाटा स्थित लोहिया झुग्गी बस्ती कॉलोनी में हुई। बच्चे की पहचान नरेन्द्र गोरीवाले के रूप में हुई है। वह उस समय पानी से भरे हुए नाले के पास गया जब उसके माता-पिता काम पर गए थे और उसकी दादी खाना बनाने में व्यस्त थी। बालक फिसलकर नाले में गिर गया। जब उसकी दादी ने उसे घर में नहीं देखा तो शोर मचाया, नाले में से उसका शव बरामद किया।

### ओडिशा : मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे

भुवनेश्वर। पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) के संबलपुर मंडल में कंटाबांजी स्टेशन के पास शुक्रवार की रात मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गये जिससे अप और डाउन लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गयी। ईसीओआर के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। आवश्यक सुधारकार्य के बाद सुबह 07 .00 बजे तक ट्रेन सेवाएं बहाल कर दी गयी।

### रांची में मिट्टी धंसने से दो महिलाओं की मौत

रांची। झारखंड के रांची जिले में शनिवार को मिट्टी धंसने से हुई दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई और दो अन्य को बचा लिया गया। बेरो के पुलिस उपाधीक्षक अखिल कुजूर ने बताया, चार महिलाएं मिट्टी खोद रही थीं, तभी मिट्टी का एक हिस्सा धंस गया। इस घटना में 40 और 23 वर्ष की दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 22 और 23 साल की दो अन्य महिलाओं को बचा लिया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मप्र में नाव पलटने से पांच बच्चों समेत सात की मौत

श्योपुर (मप्र), एजेंसी

● तूफान या भंवर के कारण नाव पलटने की आशंका

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में शनिवार को सीप नदी में 11 लोगों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर मानपुर में शाम 4:30 बजे हुई इस घटना में चार अन्य लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा, सात मृतकों में 4-15 आयु वर्ग के पांच बच्चे, 35 वर्षीय एक पुरुष और 30 वर्षीय एक महिला शामिल हैं। ये स्थानीय निवासी थे। वे एक व्यक्ति की मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए पास के गांव में आए थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार तूफान या भंवर के कारण नाव पलट गई होगी। जीवित बचे लोगों ने बताया कि नाव में 11 लोग सवार थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों से युद्ध स्तर पर खोज और बचाव अभियान चलाने को कहा और राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया।

# विरोधाभासी आदेश पारित करने पर न्यायिक अधिकारी से जवाब तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने एक ही मामले में एक ही दिन में पारित किए दो विरोधाभासी आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को एक ही मामले में एक ही दिन दो विरोधाभासी आदेश पारित करने के लिए अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची को आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत दर्ज करानी पड़ी और आईपीसी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी भी दर्ज करानी पड़ी। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद ने मानहानि मामले में दो विरोधाभासी आदेश पारित किए।

बता दें कि विभिन्न समाचार पत्रों में याची के खिलाफ समाचार प्रकाशित होने के कारण गाजियाबाद में याची के विरुद्ध विपक्षी अंकुर गर्ग द्वारा मानहानि का मुकदमा दाखिल किया गया था, जिसके सापेक्ष मजिस्ट्रेट ने दो विरोधी आदेश पारित किए। एक आदेश सीआरपीसी की धारा 203 के तहत शिकायत को खारिज करते हुए पारित किया गया। इसके बाद दूसरे आदेश में याची को आईपीसी की धारा 500 के तहत मानहानि के मुकदमे के लिए समन जारी किया गया। अंत में कोर्ट ने मानहानि के मुकदमे में याची के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने का निर्देश देते हुए गाजियाबाद के मजिस्ट्रेट संदीप सिंह द्वारा पारित दो विरोधाभासी आदेशों के लिए उनसे जानकारी तलब की। मामले की अगली सुनवाई आगामी 9 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।



शनिवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के मयनागुड़ी में बारिश के बीच तूफान के चलते कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। : एजेंसी

## पुरी पटाखा विस्फोट में मृतकों की संख्या 9 हुई

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी में पटाखों में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर नौ हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में 21 लोग उपचाराधीन हैं।

पुरी में बुधवार शाम भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर रात से तीन घायलों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

# बच्चा न होने पर किया दूसरा निकाह पहली पत्नी को मारीं तीन गोलियां

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

▶▶ दूसरे निकाह के बाद पहली पत्नी घर से नहीं निकली तो पति ने दिया वारदात को अंजाम

**अमृत विचार :** बच्चा न होने पर एक युवक ने दूसरा निकाह कर लिया। पहली पत्नी को घर से निकालने की कोशिश की। वह घर से नहीं गई तो तमंचे से तीन गोलियां मारीं। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

सहसवान के चौधरी मोहल्ला निवासी शबीना उर्फ शब्बो का निकाह सात साल पहले गांव जौनेरा निवासी राशिद पुत्र कल्लन के साथ हुआ था। शबीना को संतान नहीं हुई तो वह चिकित्सक को देखाने की बात कहती रही। राशिद नहीं माना। करीब चार महीने पहले गांव गुड़ौलिया पट्टी तासौर निवासी शहनाज से दूसरा निकाह कर लिया और शबीना पर घर छोड़ने का दबाव बनाने लगा। शनिवार सुबह शबीना घर पर काम कर रही थी। राशिद ने उससे झगड़ा किया। इसके बाद तमंचे से तीन गोलियां दाग दीं। पहली गोली शबीना के जबड़े में फंस गई। दूसरी गोली बाएं हाथ पर लगी। शबीना अचेत होकर गिर गई तो तीसरी गोली पीठ पर मारी और भाग गया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। परिजन उसे अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए।

प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। आरोपी पति की तलाश की जा रही है। शबीना के बहनोई गांव भूरनपुर निवासी हारुन ने बताया कि संतान न होने पर पति-पत्नी के बीच अक्सर ही विवाद होता रहता था। कई बार पंचायतें भी हुई थीं।

# महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती के लिए सुगम और पारदर्शी व्यवस्था लागू

भोपाल, एजेंसी

● मोबाइल पर आएगी बुकिंग की जानकारी, 24 घंटे में जमा करना होगा शुल्क

मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती की बुकिंग व्यवस्था को और अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया गया है, जिसके तहत नई व्यवस्था आज से लागू हो रही है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के तहत पहले आओ पहले पाओ के आधार श्रीमहाकालेश्वर मंदिर की वेबसाइट पर एक से 31 जुलाई तक के लिए नौ हजार 153 श्रद्धालुओं की भस्म आरती का आवेदन स्वीकृत किया गया है। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह की बुकिंग भी खुली रहेगी। नई व्यवस्था के तहत अब श्रद्धालु पहले से ही अपनी भस्म आरती में शामिल होने की योजना बना सकेंगे। जिसमें हर माह की एक तारीख को अगले माह की भस्म आरती की बुकिंग जारी कर दी जाएगी। साथ ही उसके आगामी 3 माह के लिए भस्म आरती की बुकिंग खुली रहेगी। श्रद्धालुओं को अपनी भस्म आरती बुकिंग की जानकारी मोबाइल नंबर पर भेजी जायेगी, जिसके बाद उन्हें 24 घंटे के अंदर निर्धारित शुल्क जमा कर अपने पास जनरेट करने होंगे। 24 घंटे के अंदर पास नहीं जनरेट करने पर श्रद्धालु की रिक्वेस्ट कैंसल कर दी जाएगी और वेटिंग लिस्ट की मैरिट के आधार पर श्रद्धालु का आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

श्रद्धालु अपनी भस्म आरती की बुकिंग के लिए श्रीमहाकालेश्वर मंदिर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट श्रीमहाकालेश्वर डॉट कॉम पर जाकर भस्म आरती के एडवांस बुकिंग के ऑप्शन पर क्लिक कर अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह के लिए अपनी भस्म आरती बुक कर सकते हैं। भस्म आरती की बुकिंग की पुरानी व्यवस्था में 15 दिन पहले भस्म आरती बुक की जाती थी, इसे 15 जून तक पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा।


## बिल का भुगतान न मिलने पर ठेकेदार ने की आत्महत्या

दावणगेरे। कर्नाटक में राज्य सरकार के एक निकाय के लिए किए गए काम के बिलों का भुगतान न होने के कारण एक ठेकेदार ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक, ठेकेदार पीएस गौदर ने 27 मई को आत्महत्या की और एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों और कर्नाटक ग्रामीण अवसंरचना विकास लिमिटेड (केआरआईडीएल) को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। गौदर ने सुसाइड नोट में आरोप लगाया कि उसके परिवार के सदस्यों ने पैतृक संपत्ति के मामले को लेकर उसे मानसिक तनाव दिया।

# पिकअप ने छह ग्रामीणों को रौंदा, चार की मौत


संवाददाता, बिसौली (बदायूं)



धनपाल



ज्ञानचंद्र



ब्रह्मापाल



राम प्रकाश

● लोगों ने पिकअप चालक को पकड़कर पीटा, पुलिस से झड़प और धक्का-मुक्की

● दोपहर में पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर बातें कर रहे थे ग्रामीण तभी हुए हादसे के शिकार

> हादसे में चार लोगों की मौत हुई थी और दो लोग घायल हैं। ग्रामीणों को समझाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।
>
> – **राम मोहन सिंह**, एसपी देहात

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप ने पीपल के पेड़ के नीचे बैठे छह लोगों को रौंद दिया। चार लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़कर जमकर धुनाई की फिर सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस से ग्रामीणों की झड़प भी हुई। एक मृतक के भाई के समझाने पर साढ़े चार घंटे के बाद जाम खोलने पर राजी हुए।

बिसौली-आंवला मार्ग पर गांव पैगा भीकमपुर में छह ग्रामीण शनिवार दोपहर पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान आंवला की ओर से आई पिकअप का चालक नियंत्रण खो बैठा और पिकअप ने ग्रामीणों को रौंद दिया। राम प्रकाश (45), ब्रह्मपाल (40), धनपाल (50), ज्ञानचंद्र (35) की मौके पर मौत हो गई। जबकि रामवीर और नेत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर धुनाई शुरू कर दी। सूचना पर बिसौली के प्रभारी निरीक्षक सुनील अहलावत के साथ पहुंचे पुलिसकर्मियों ने चालक को बचाने की कोशिश की तो ग्रामीणों से उनकी झड़प और धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने जैसे-तैसे चालक को बचाकर कोतवाली भेजा। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आंवला मार्ग पर डनलप और ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर जाम लगा दिया। मौके से शव नहीं उठाने दिए। वाहनों की कतार लग गई। ग्रामीण डीएम को बुलाने की जिद करने लगे। एडीएम प्रशासन रेनू सिंह और एसपी देहात राम मोहन सिंह गांव पहुंचे लेकिन उनके समझाने के बाद भी नहीं माने। मृतक राम प्रकाश के चचेरे भाई अधिवक्ता वीर सिंह यादव के समझाने के बाद ग्रामीणों ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए जाने दिए।

# उर्स मेले में भीड़ पर गिरा पेड़, एक की मौत

संवाददाता, रानीखेत/ अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** शनिवार दोपहर मौसम बदलने से तेज अंधड़ से रानीखेत के कैंट क्षेत्र में चल रहे उर्स मेले में विशालकाय पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से अधेड़ व्यापारी की मौत हो गई। आठ घायल हो गए।

शनिवार को रानीखेत के कैंट क्षेत्र में स्थित कालू सैय्यद मजार पर उर्स मेले के दौरान दोपहर डेढ़ बजे अचानक मौसम बदल गया और अंधड़ शुरू हो गया। इससे वहां मौजूद भीड़ पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिस कारण कई लोग उसकी चपेट में आ गए। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। हादसे में व्यापारी देवल मजवासी (46) निवासी स्वार (रामपुर) की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हो गए। घायलों को नागरिक चिकित्सालय रानीखेत में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि तीन गंभीर घायलों को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इधर अंधड़ से रानीखेत के झलौरी में बोलेरो वाहन पर भी पेड़ गिर गया, जिससे उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए।

दो-टूक | चार धाम यात्रा की तैयारी को लेकर कांग्रेस के सवाल उठाने पर मुख्यमंत्री धामी ने किया पलटवार

# मुद्दाविहीन कांग्रेस बना रही नकारात्मक माहौल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



● मुख्यमंत्री ने बिजली-पानी कैंचीधाम में जाम को लेकर अधिकारियों की लगाई क्लास

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा रूट में जो भी मौतें हुई हैं, शासन-प्रशासन की अव्यवस्था से नहीं बल्कि श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य कारणों से हुई हैं। मैं खुद बार-बार यात्रा में जा रहा हूं और निगरानी कर रहा हूं। चारधाम यात्रा पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। चारधाम यात्रा यहां की आर्थिकी को बढ़ाने वाली है।

ये लोग केवल आरोप लगा सकते हैं कि राज्य में लोग नहीं आएं ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं जबकि ऐसा माहौल तैयार नहीं करना चाहिए। ये राज्य सरकार की नहीं सबकी मुखर जिम्मेदारी है, पक्ष-विपक्ष नहीं देखा जाना चाहिए। सिर्फ सुर्खियों के लिए ऐसे बयान नहीं देने चाहिए, जिम्मेदार विपक्ष बनना चाहिए यह जवाब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के चारधाम यात्रा में कुप्रबंधन व अव्यवस्था के आरोपों पर दिया। वह शनिवार को रामपुर रोड स्थित वानिकी प्रशिक्षण अकादमी सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यात्रा में व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। शनिवार को उन्होंने स्वयं बद्रीनाथ जाकर श्रद्धालुओं से बात की और व्यवस्थाओं को जाना। ये यात्रा अन्य तीर्थ यात्रा की अपेक्षाकृत कठिन है, सभी सुविधाएं की गईं हैं। वहीं, कैंचीधाम में जाम की समस्या पर उन्होंने कहा कि जाम से निबटने के लिए 11 पार्किंग पर काम चल रहा है। इन्हें प्रस्तावित यात्रा प्राधिकरण में स्वीकृति मिलेगी।

कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है इसलिए प्रशासन को सड़क चौड़ीकरण व यात्रा प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं। कैंचीधाम में ट्रस्ट बनाने पर उन्होंने कहा कि यात्रा प्राधिकरण बनाया जा रहा है इसमें चारधाम समेत ऐसे सभी देवस्थानों को लिया जाएगा जहां श्रद्धालु अधिक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि हीट वेब में लोगों को बिजली-पानी की समस्याएं नहीं हों इसके लिए दीर्घकालिक के साथ तात्कालिक प्रबंध को कहा गया है।

# भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा

संवाददाता, रुद्रपुर

● हत्या करने के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में किया आत्मसमर्पण

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। बड़ा बेटा दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। बताया जा रहा है कि तोताराम का बड़े बेटे दीपक के साथ कुछ समय से मकान बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। उस समय तो परिजनों ने दोनों में बीच-बचाव करा दिया। लेकिन, सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद हत्यारोपी ने खुद ही थाने पहुंच पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का हो सकता है एकमात्र आधार

## कांस्टेबल की पत्नी की हत्या का मामला: सजा बरकरार रखते हुए न्यायालय ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले 'मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान' पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

अदालत की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो। इसने कहा-जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा-हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। उसके हाथ-पैर बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।



### फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने भी रखा था बरकरार

निचली अदालत ने 2008 में पति को हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी तथा 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु-पूर्व बयान को वैध सबूत के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सबूतों पर गौर करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि अपीलकर्ता अपराध करने का दोषी है। इसने कहा कि अपीलकर्ता को अपनी सजा पूरी करने के लिए दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

## न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का किया पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

# राहुल ने अग्निपथ योजना को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने पत्र लिखकर जवानों के परिवारों के साथ भेदभाव किए जाने का लगाया आरोप



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखा और आरोप लगाया कि इस योजना के चलते वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभ में भेदभाव हो रहा है। राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में अपवाद जरूरी है क्योंकि वह भारत के सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं और यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करता है।

राष्ट्रपति को लिखे अपने दो पन्नों के पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि वह उन्हें देश की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करने वाले अग्निवीरों को न्याय प्रदान करने की अपील के साथ लिख रहे हैं। उन्होंने अपना पत्र साझा करते हुए कहा-नियमित सैनिकों की तुलना में हमारे मारे गए अग्निवीरों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभों की प्रकृति और सीमा में भेदभाव पर आपको तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

कांग्रेस के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-यह अन्याय है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के हमारे सहयोगियों ने अग्निपथ योजना का कड़ा विरोध किया है और सरकार बनने पर इसे रद करने का वादा किया है।

### जिला अधिकारियों को फोन पर धमका रहे हैं अमित शाह: रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को दावा किया कि गृहमंत्री अमित शाह मतगणना से पहले जिला अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं और यह अफसरों को धमकाने का प्रयास है। कांग्रेस के इस आरोप पर फिलहाल सरकार या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, निवर्तमान गृहमंत्री आज सुबह से जिला कलेक्टर से फोन पर बात कर रहे हैं। अब तक 150 अफसरों से बात हो चुकी है। अफसरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है और अस्वीकार्य है।

## एक नजर

### पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता दीपिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर अजनाला के लखुवाल गांव में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। अजनाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात जब कुछ लोग घर के बाहर बैठे थे उस दौरान यह घटना हुई।

### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में कल देर रात आग लग गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आग पुलिस उपायुक्त कार्यालय तक फैल गयी जो थाना परिसर के समीप ही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12:45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने के 15 कमरे एवं पुलिस बैरक आग में क्षतिग्रस्त हो गए।

# अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया है।

# कटरा में तंबाकू की बिक्री और सेवन करने पर रोक

जम्मू, एजेंसी

- शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए आदेश जारी

जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है। आदेश में कहा गया, "सिगरेट सहित तम्बाकू (चबाने योग्य और न चबाने योग्य) उत्पादों का सेवन जन स्वास्थ्य के लिए काफी जोखिम पैदा करता है। यह कैंसर, श्वसन संबंधी बीमारियों और विभिन्न गंभीर बीमारियों में योगदान देता है।

# अदालत ने राहुल गांधी को 7 को पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी

## मानहानि मामला

- कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिवकुमार को दी जमानत



भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को 7 जून को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी में पूरी की ध्यान साधना

कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कन्याकुमारी में तिरुवल्लुवर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गए और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य दिया। सूर्य अर्घ्य के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। ध्यान साधना के लिए प्रधानमंत्री की कन्याकुमारी यात्रा का तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने विरोध किया।

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थगई ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा-कोई व्यक्ति 14 कैमरों के सामने बैठकर ध्यान कैसे कर सकता है? क्या यह ध्यान है? यह ध्यान साधना चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर की गई है। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।

## दिल्ली सरकार को अग्नि सुरक्षा मानदंडों पर निर्णय लेने का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को छोटे अस्पतालों और नर्सिंग होम के लिए नियमित अग्नि सुरक्षा ऑडिट और अग्नि सुरक्षा मानदंड तैयार करने के अनुरोध संबंधी दो प्रतिवेदन पर शनिवार को निर्णय लेने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब हाल ही में नवजात शिशुओं के एक नर्सिंग होम में भीषण आग लगने की घटना में सात नवजात की मौत हुई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के मुद्दे को उठाने वाली दोनों याचिकाओं को सरकार द्वारा प्रतिवेदन के रूप में माना जाना चाहिए।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# शीर्ष 100 कंपनियां अफवाहों की बताएंगी सच्चाई

## सेबी का यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए भी होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी



बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा।

सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि सेबी की यह पहल अफवाह सत्यापन ढांचे को मजबूत करने और एक निष्पक्ष बाजार हासिल करने में मदद करेगी। इससे भारत दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा बाजार बन जाएगा।

बाजार की अफवाहें स्टॉक की कीमतों में महत्वपूर्ण अस्थिरता का कारण बन सकती हैं, जिससे अक्सर ऐसे लेनदेन होते हैं जो किसी कंपनी के वास्तविक मूल्य को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ये अफवाहें प्रबंधन परिवर्तन, ऑर्डर रद्दीकरण या वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़ी हो सकती हैं।

### शेयरचैट, अन्य ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर आईएएमएआई की दलीलों का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मैट्रिमोनी डॉट कॉम और शेयरचैट उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि वे डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर उद्योग निकाय आईएएमएआई की दलीलों से सहमत नहीं हैं। गौरतलब है कि चारों कंपनियां आईएएमएआई की सदस्य हैं। इनका दावा है कि आईएएमएआई की दलीलें पूरे डिजिटल स्टार्टअप इकोसिस्टम या 540 से अधिक इसके सदस्यों की राय को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के केवल एक छोटे से हिस्से ने मसौदा डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध और पश्चात नियमन व्यवस्था को जारी रखने से स्थापित खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और नवाचार को दबाने का मौका मिलेगा। पूर्व नियमन से तात्पर्य ऐसे नियमों से है, जो बड़े मंचों को कुछ खास तरह के आचरण में शामिल होने से पहले ही रोक देते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में कॉरपोरेट मामलों के सचिव मनोज गोविल को भेजे गए पत्र पर मैट्रिमोनी डॉट कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन, होइचोई के सह-संस्थापक विष्णु मोहा, मैच ग्रुप के अधिकारी मॉर्गन कॉविन आदि ने हस्ताक्षर किए थे।

## तिलहन और दलहन फसलों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता

**उदयपुर।** राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है ।

डॉ कर्नाटक ने यह विचार यह तिलहनी फसलों में अनुसंधान को गति प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने कहा कि हमारे राष्ट्र ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

# यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों का समाधान नहीं है वर्क फ्रॉम होम: चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीसीएस के चेयरमैन ने कहा-लोगों को शिक्षित करने की है जरूरत



देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों से बचने के लिए घर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम) कोई समाधान नहीं है। इसकी बजाय इस मामले में लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की कुल संख्या 110 रही जो पिछले वर्ष 49 थी। हालांकि, आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि 2023-24 के आंकड़ों में कर्मचारियों की ओर से विश्व स्तर पर रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल हैं जबकि 2022-23 के आंकड़े भारतीय परिचालन से जुड़े हैं। टीसीएस में 152 देशों के 6,01,546 कर्मचारी काम करते हैं, इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 35.6% है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में एक शेयरधारक की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस जैसी बड़ी कंपनी में ऐसे मामलों की इतनी संख्या हो सकती है। आगे उन्होने कहा कि ऐसे मामलों का सामधान वर्क फ्राम होम से नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित करने से ही संभव है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,600 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 90,100। |

# अडाणी पोर्ट ने तंजानिया का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह 30 साल के लिए लिया

अहमदाबाद / अबू धाबी, एजेंसी

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया, दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है। चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में 8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है।

## कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटकर 5,200 रुपये प्रति टन

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दरें एक जून से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। यह कर ऊर्जा कंपनियों के मुनाफे पर लगाया जाता है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री चुनावों के कारण रही धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मारुति और हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों के बिक्री में थोड़ी रही बढ़ोत्तरी



भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मई में मामूली वृद्धि देखी गई। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण मांग में कमी रहा। कंपनियों से डीलरों तक कुल यात्री वाहन आपूर्ति पिछले महीने चार प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,50,257 लाख इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,35,436 इकाई था।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में कुल बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने शुरुआती स्तर की और कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट देखी। बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा-इस बात पर चर्चा हुई है कि इस साल वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं होगी। उच्च आधार प्रभाव के कारण यह एकल अंक में रहेगी। दूसरी बात, चुनाव थे और भीषण गर्मी का भी मई में कुल बिक्री पर असर पड़ा। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी। इसकी प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) की मई में घरेलू वाहन बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।





चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- खेल का आनंद ले रहा हूं

# जीत की कुंजी हैं जसप्रीत बुमराह

न्यूयॉर्क, एजेंसी

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का टी-20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी-20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा।

विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह भारत के लिए जीत की कुंजी हैं, जो अकेले मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं।

बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबरा हूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। जब आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हे आप नियंत्रित नहीं कर सकते,तो परिस्थितियां जटिल हो सकती है।

### किसी को भी अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने कहा आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं। बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।


मैच से पहले अभ्यास सत्र में पसीना बहाते ऋषभ पंत।

# टी-20 विश्वकप में खुल कर खेले भारतः गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

● पूर्व कप्तान बोले- गंभीर कोच पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। गांगुली ने कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी-20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।

मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए। गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा क्या गंभीर ने आवेदन किया है, क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे।

मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी। जाहिर है, बीसीसीआई के पास समय सीमा बढ़ाने का अधिकार है। अगर गंभीर आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे। आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं।

## खेल डायरी


मुंबई में ब्लू ओशन कॉरपोरेशन इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

### ताइवान ओपन में डीपी मनु ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था।

### डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन में दूसरे दौर के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बारिश से प्रभावित पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रही है। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वें स्थान पर है और वह कट में आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में अपना खेल शुरू नहीं किया है।

### शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई



**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग में तमिलनाडु का दबदबा

**मंगलुरु।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों फाइनल स्थान और महिला ओपन श्रेणी के फाइनल में दो स्थान हासिल किए। दूसरे दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने बढ़त को जारी रखा, सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किए। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजैकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40) थे। दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया।

### दिनेश कार्तिक ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 को आउट किया है।

# अभ्यास मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 60 रन से रौंदा

न्यूयार्क, एजेंसी

टी-20 विश्वकप के खिताब पर दूसरी बार कब्जे के इरादे से निकले भारतीयों ने शनिवार को अपने एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रनों से रौंद दिया। अभ्यास मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाए जिसके जवाब में बांग्लादेश की 19.5 ओवर में नौ विकेट पर 121 रन ही बना सकी। पूरे मैच में भारतीयों के आगे बांग्लादेश किसी भी विभाग में नहीं टिके।

ऋषभ पंत ने मात्र 32 गेंदो में चार चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन ठोके वहीं आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे हार्दिक पांड्या ने 23 गेंदों में दो चौके और चार छक्के की बदौलत 40 रन की नाबाद पारी खेली। शिवम दुबे (14) अपने अंदाज के अनुरुप छाप छोड़ने में विफल रहे वहीं संजू सैमसन भी अपने हाथ दिखाने में सफल नहीं हुए। विस्फोटक सूर्य कुमार यादव अपने चिरपरिचित अंदाज से खेले और 18 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन बनाकर लौटे। रोहित शर्मा ने 23 रन बनाए। कप्तान रोहित ने 20 ओवर के खेल में आठ गेंदबाजों को हाथ खोलने का मौका दिया। शिवम दुबे ने दो विकेटों चटकाए वहीं अर्शदीप ने दो विकेट झटके। बुमराह, अक्षर, हार्दिक और जडेजा ने एक-एक विकेट बांटे। बांग्लादेश की ओर से महमूदउल्लाह (40) और शाकिब (28) ही कुछ समय तक भारतीय आक्रमण के सामने टिक सके।



# जीत की तलाश में उतरेगी वेस्टइंडीज

जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी

ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौवें चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी।

ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी। ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गए हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे।



### कनाडा के खिलाफ अमेरिका का पलड़ा भारी

**डलास।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी-20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे।

# अल्काराज और सबालेंका ने जीते मैच

पेरिस, एजेंसी


● फ्रेंच ओपन: स्टेफानोस सिटसिपास चौथे दौर में स्वियातेक, रिबाकिना और सिनर भी बढ़े आगे

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।

इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को हराया। सबालेंका ने पाउला बडोसा पर जीत हासिल की।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। अल्कराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की सेमीफाइनलिस्ट दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया, लेकिन उनकी हमवतन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओन्स जबूर से होगा। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज को 6-4, 7-6 (5) से हराया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से पराजित किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना अब क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से होगा।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया।



# सेमीफाइनल में हार के बाद त्रिसा-गायत्री का सफर खत्म

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर ओपन

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह फरवरी में एशिया टीम चैंपियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-1 हो गया है। त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले दुनिया की दूसरे नंबर की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी को प्री क्वार्टर में और दुनिया की छठे नंबर की किम सो यियोंग और कोंग ही यंग की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हराया था।



# भारत ने जर्मनी को हराया

लंदन, एजेंसी



भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।

विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया।

वहीं, भारतीय महिला टीम का एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह शनिवार को यहां इंग्लैंड चरण के पहले मैच में जर्मनी से 1-3 से हार गई। एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में यह भारत की लगातार पांचवीं हार थी, इसी माह में एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना ने दो-दो बार हराया था।

## टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो



**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी।

### मुंबई सिटी एफसी ने ब्रैंडन के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शनिवार को भारत के मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस के साथ तीन साल का अनुबंध किया, जो 2015 में आईएसएल की इस टीम के साथ संक्षिप्त समय बिताने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सात साल तक एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एफसी गोवा के लिए 130 मैचों में 17 गोल किए। इस दौरान गोवा की टीम ने 2019-20 में आईएसएल लीग शील्ड जीती। उन्होंने टीम को क्रमशः 2019 और 2021 में इंडियन सुपर कप और डूरंड कप जीतने में भी मदद की। गोवा के इस खिलाड़ी ने करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा मैं मुंबई सिटी एफसी में वापसी करके खुश हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# रक्त के नमूने बदलने पर मां गिरफ्तार

पुणे कार हादसा

- पुलिस ने मां की मौजूदगी में नाबालिग से एक घंटे पूछताछ की

पुणे, एजेंसी

पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे 5 जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे।



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने मामले में गहन जांच का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** पुणे में नाबालिग चालक की पोर्श गाड़ी से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली आईटी पेशेवर अश्विनी कोष्टा के पिता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जबलपुर भेजे गए विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ने मुख्यमंत्री शिंदे से फोन पर बात कराई। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार ने मध्य प्रदेश की निवासी 24 वर्षीय अश्विनी कोष्टा और उसके दोस्त अनीश अवधिया की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# किशोरावस्था में धूम्रपान की लत मौत को निमंत्रण



विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। 2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7% मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6% माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था। शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय में सामाजिक और व्यवहार विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन-पैट्रिक अल्लेम ने कहा मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और युवा वयस्कों के बीच तंबाकू मार्केटिंग के जोखिम के स्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।

- राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के अनुसार:लगभग 14.6% किशोर (15-19 वर्ष) तंबाकू का उपयोग करते हैं।
- 42.4% पुरुष और 14.2% महिलाएं करती हैं नशीले पदार्थों का उपयोग
- डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया में (13-15 वर्ष) के 3.70 लाख किशोर धूम्रपान करते हैं।

### धूम्रपान दिमाग पर डालता है असर, हर अंग के लिए हानिकारक

धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है। किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेषकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है, जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तंबाकू कंपनियां अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तंबाकू उत्पादों की मार्केटिंग करती रहीं।

### जागरुकता बढ़ाने की जरूरत

बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट मार्केटिंग पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तंबाकू सामग्री के संपर्क में हैं, जिसमें तंबाकू विज्ञापन और सोशल मीडिया पर सहकर्मी-जनित पोस्ट शामिल हैं जो तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं।

### बदल रहा मार्केटिंग का तरीका

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिये तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों की ओर से स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है।

## एक नजर

### ज़िज़ांग के नागकू में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया

**बीजिंग/ल्हासा।** दक्षिण पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र में नागकू शहर के न्यिमा काउंटी में शनिवार सुबह 8:46 बजे (बीजिंग समय) 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34.14 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 86.36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 8 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र न्यिमा काउंटी सीट से 275 किमी दूर और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 672 किमी दूर स्थित है।

### ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित 4 लड़ाके मारे गये

**सीरिया।** उत्तरी सीरिया में शुक्रवार शाम को तुर्की के ड्रोन हमले अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गये जबकि 11 नागरिक घायल हो गये। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

### ईरान ने अधिकारियों ने प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे।

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस' अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी।

## सिंगापुर के शंगरी-ला रक्षा मंच पर कई देशों के रक्षा मंत्रियों ने रखी अपनी बात

# चीन से युद्ध पर अमेरिका बोला हर बातचीत सुखद नहीं होती

ऑस्टिन सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर के शंगरी-ला रक्षा मंच पर कई देशों के रक्षामंत्री पहुंचे। यहां कई नेता द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते दिए तो कई एक दूसरे को चेतावनी देते नजर आए। अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह से कहा कि एशिया-प्रशांत में तेजी से बढ़ते तनाव के बावजूद चीन के साथ युद्ध न तो आसन्न है और न ही अपरिहार्य है।

चीन से युद्ध पर पूछे गए सवाल पर ऑस्टिन ने कहा हर बातचीत सुखद नहीं होती। उन्होंने गलतफहमियों से बचने के लिए उनके तथा चीनी समकक्ष के बीच नए सिरे से संवाद की महत्ता पर जोर दिया। ऑस्टिन ने सिंगापुर में शंगरी-ला रक्षा मंच पर ये टिप्पणियां चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन के साथ एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद कीं। वर्ष 2022 में नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद अमेरिका और चीन की सेनाओं के बीच संपर्क समाप्त हो गया था। इसके बाद से दोनों शीर्ष रक्षा अधिकारियों के बीच यह आमने-सामने की पहली बैठक है। विस्तार से बताने से इनकार करते हुए ऑस्टिन ने कहा दोनों नेता फिर से बात कर रहे हैं।



अमेरिका के रक्षामंत्री अपने चीनी समकक्ष के साथ।

### अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण

**सिंगापुर।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आयेगी। ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की। हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला सांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है।

### चीन बोला - ताइवान को आजाद नहीं होने देंगे

चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने शनिवार को कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान को कभी भी स्वतंत्र होने या अलग होने की अनुमति नहीं देगी। सिंगापुर में आईआईएसएस शांगरी-ला डायलॉग के मौके पर जिंग ने यह बयान दिया। ताइवान की आजादी युद्ध के समान है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी।

### भारत से और मजबूत करेंगे संबंध : फिलीपींस

फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा है कि उनकी सरकार क्षेत्रीय स्थिरता में मददगार स्तंभों के निर्माण के क्रम में भारत जैसे मित्रों के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करेगी। इसके साथ ही उन्होंने चीन को दक्षिण चीन सागर में सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बीजिंग के जानबूझकर किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप फिलीपीन के किसी भी नागरिक की मृत्यु होती है तो मनीला इसे युद्ध के कृत्य के रूप में मानेगा और इसी के अनुसार जवाबी कार्रवाई करेगा।

## साइबर ठगों ने नोएडा के व्यवसायी से नौ करोड़ ठगे

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 9.9 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अनुसार, एक महीने पहले पीड़ित को व्हॉट्सऐप समूह में जोड़ा गया था और फिर एप डाउनलोड करा शेयर बाजार कारोबार में फर्जी मुनाफे का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया गया।

उसने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कारोबारी के खाते में 1.62 करोड़ रुपये के लेनदेन को रोक दिया गया है। उसने बताया कि जांच जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध पुलिस थाना) विवेक रंजन राय ने कहा सेक्टर-40 ब्लॉक-बी के रजत बोथरा ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उन्हें व्हॉट्सऐप समूह पर जोड़ा गया।

समूह में शेयर बाजार कारोबार के मुनाफे के बारे में बताया जाता था। उन्होंने 27 मई तक शेयर बाजार कारोबार में 9.09 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, इसके बाद उनका (ट्रेडिंग) खाता बंद हो गया। राय ने कहा जब हमें शिकायत मिली तो हमने तुरंत जांच शुरू कर दी और हम उनके बैंक खाते से 1.62 करोड़ रुपये का लेन-देन रोकने में कामयाब रहे।

# दक्षिण अफ्रीका में एएनसी पार्टी को नहीं मिला बहुमत

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

- रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने 30 साल बाद गंवाया बहुमत पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को हुए आम चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। यहां हुए ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। खबर लिखे जाने तक 99.5 प्रतिशत मतगणना हो चुकी थी और सत्तारूढ़ एएनसी को 40% से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया। निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है। विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही, लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया।



बहुमत न मिलने से निराश एएनसी नेता व राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा।


### जादुई आंकड़े से दूर

सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवत: वे जटिल होंगी। एमके पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए उनकी शर्तों में से एक यह है कि रामाफोसा को एएनसी नेता और अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाये। एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से बहुत दूर है और ऐसी संभावना है कि उसे तीन मुख्य विपक्षी दलों में से किसी एक से संपर्क करना होगा।

# बाइडेन का दावा- इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकारा

वाशिंगटन, एजेंसी

- कहा-अब जंग रोकने का वक्त आ गया, हमास में इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को दावा किया कि इजराइल ने एक नए सीजफायर प्लान को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडेन ने कहा कि हमास अब इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं रखता है। इजराइल ने कहा है कि वो सभी बंधकों की रिहाई के बदले जंग खत्म करने को तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बीच इजराइल का समर्थन करने पर बाइडेन की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम से उन्होंने कहा, अब जंग खत्म करने का वक्त आ गया है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल ने जंग रोकने के लिए प्रोपोजल दिया है। हमास भी सीजफायर की मांग कर रहा है। यही वक्त है कि वो ये साबित कर दें कि वे सच में सीजफायर के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हमास-इजराइल के बीच किसी भी तरह की सीजफायर बाइडेन की चुनावी कैंपेन में अहम भूमिका निभाएगी।

## पासिंग आउट परेड



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर संयुक्त पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु ने सलामी दी। 234 महिलाओं सहित 1983 अग्निवीर वायु प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। ● एजेंसी

# बाइडेन से मिला अमेरिकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाला छात्र

वाशिंगटन, एजेंसी

- स्पेलिंग बी स्पर्धा में छाया भारत का ब्रुहत सोम पहुंचा व्हाइट हाउस

स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रुहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा।

फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।



पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रुहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल में जगह बनाने वाले चार अन्य प्रतिभागी भी भारतीय अमेरिकी हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

**मुंबई।** अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी हो गई है। कबीर ने कहा भूल भुलैया 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

### बिग बॉस ओटीटी-3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करेंगे। जिसकी अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस बार सलमान खान किन्हीं कारणों से होस्ट करेंगे। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरे सीजन जल्द शुरू होने वाला है, जिसका प्रोमो सामने आ चुका है। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर प्रीमियर होने के लिए तैयार है। शो के प्रोमो और टीजर में अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस का आजाग जून में ही होगा।

## आईएसआईएस संदिग्धों का आका गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें जनता से उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था।

खगोल विज्ञान | जलवायु परिवर्तन को लेकर भौतिकी शोध में किया गया दावा

# जलवायु को प्रभावित करने में गुरुत्वाकर्षण बड़ी वजह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे जलवायु में बदलाव आ रहे हैं, वैसे वैसे पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच चेताने वाले शोध सामने आ रहे हैं। हाल में भौतिकी आधार पर हुए शोध में सामने आई जानकारी के अनुसार गुरुत्वाकर्षण मंगल और पृथ्वी पर जलवायु व समुद्री धाराओं में बदलाव लाने का बड़ा कारण है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय और पेरिस में सोरबोन विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिकों ने भौतिक आधार पर साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी और मंगल की कक्षाओं में 2.4 मिलियन वर्ष में बदलाव आता है। जिस कारण जलवायु में बड़ा परिवर्तन आता है। दरअसल गुरुत्वाकर्षण के कारण गर्म महासागरों के परिणामस्वरूप गहरा परिसंचरण अधिक तीव्र होता है।



पृथ्वी और मंगल गृह की तस्वीर। ● अमृत विचार

ध्यान रहे कि मंगल ग्रह में भी कभी गहरे विशाल सागर नदियां बहा करती थी, जो आज समाप्त हो चुके हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन गहरे समुद्र के कोर में खुदाई करनी पड़ी। इससे पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव की जानकारी जुटाई गई। इससे समुंदर की जलधराओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन में गहरा असर डाल सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह मंगल और पृथ्वी के बीच जुड़े गुरुत्वाकर्षण है, जो एक दूसरे की कक्षा को प्रभावित करती हैं।

सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एड्रियाना डुट्किविज़ का कहना है कि गहरे समुद्र तलछटी में 2.4 मिलियन वर्षीय चक्र के दौरान मंगल और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से गहरे जुड़े हुए हैं, जो मंगल व पृथ्वी के गहरे समुद्र की धाराओं को मजबूत और कमजोर करता है। बहरहाल पृथ्वी की जलवायु के भविष्य के लिए मंगल व शुक्र ग्रह पर शोध करने होंगे।

### कहां गायब हुआ मंगल का वातावरण

वैज्ञानिक मानते हैं कि कभी मंगल पर पृथ्वी की तरह वातावरण रहा होगा और जलवायु पृथ्वी की तरह रही होगी, बारिश व बर्फबारी भी होती होगी। तभी नदियां बहा करती होंगी। मगर अब मंगल वीरान हो चुका है। इसकी वजह समझने को वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। इस रहस्य का खुलासा होने के बाद, पृथ्वी के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकेगा।